दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 71 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। सोमवार, 12 जनवरी 2026 । माघ माह, कृष्ण पक्ष नवमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# सोमनाथ तोड़ने वाले इतिहास के पन्नों में सिमटे : पीएम मोदी

## दुर्भाग्य से देश में आज भी मंदिर पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**सोमनाथ/राजकोट।** गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था।

पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। दरअसल, 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं। पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया गया।

### मोदी ने कहा- हमें आज भी बांटने वालों से सावधान रहना है

हमें आज भी सावधान रहना है, एकजुट रहना है। ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटनें की कोशिशों में लगी हुई हैं। आज हर देशवासी के मन में विकसित भारत को लेकर भरोसा है। भारत अपने गौरव को नई बुलंदी देगा। हम गरीबी के खिलाफ अपनी लड़ाई को जीतेंगें।

### मोदी बोले- सोमनाथ की गाथा को शब्दों में बयां नहीं कर सकते

यहां 72 घंटों तक अनवरत ओमकार का नाद और मंत्रोच्चार किया गया। सोमनाथ की 1 हजार साल की गाथा का वर्णन और शौर्य यात्रा, सबकुछ मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। इस अनुभुति को शब्द अभिव्यक्त नहीं कर सकते हैं। इसे केवल समय ही संकलित कर सकता है।

### संबोधन की 4 बड़ी बातें...

**सोमनाथ का वजूद नहीं मिटा पाए:**

आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, 1 हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा, लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुननिर्माण करा दिया।

**न मंदिर नष्ट हुआ न भारत:**

ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के 1 हजार साल पूरे हो रहे हैं और अब इसके पुनर्निमाण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं, लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत।

**मजहबी कट्टरपंथी कुछ नहीं बिगाड़ पाए**

जब आक्रांता सोमनाथ पर हमला कर रहे थे, उन्हें लग रहा था कि उनकी तलवार सनातन सोमनाथ को जीत रही है, लेकिन वे मजहबी कट्टरपंथी यह नहीं समझ पाए कि जिस सोमनाथ को वे नष्ट करना चाहते थे। उसके नाम में ही सोम अर्थात अमृत जुड़ा है। उसमें हलाहल को पीकर भी अमर रहने का विचार जुड़ा है।

**आज भी विरोधी ताकतें मौजूद:**

जिस देश के पास विरासत होती है तो वह देश उस पर गर्व करता है, लेकिन हमारे देश की आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उसी विरासत को भुला दिया। जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भी मंदिर आने से रोकने की कोशिश की गई।

### मोदी ने कहा- 1000 साल भी सोमनाथ में ध्वज फहरा रहा

आज जब मैं आपसे बात कर रहा हूं तो मन में बार-बार प्रश्न आ रहा है कि ठीक 1 हजार साल पहले इसी जगह जहां आप बैठे हैं, क्या माहौल रहा होगा। हमारे पुरखों ने जान की बजा लगा दी थी अपनी आस्था के लिए अपने विश्वास के लिए, अपने महादेव के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया।

### पीएम ने कहा- ये वातावरण और उत्सव अद्भुत है

रैली को संबोधित करते हएु पीएम ने कहा- ये समय अदभुत है। ये वातावरण अद्भुत है। यह उत्सव अद्भुत है। एक और स्वयं देवादिदेव महादेव, दूसरी और समुद्र की लहरें, सूर्य की किरणें, मंत्रों की गूंज , आस्था का ऊफान, इस दिव्य वातावरण में आप सब भक्तों की उपस्थिति इस अवसर को दिव्य बना रही है। भव्य बना रही है और मैं इसे अपना बहुत बड़ा सौभाग्य मानता हूं कि सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सेवा का अवसर मिला।

### मोदी बोले- देश में वे ताकतें मौजूद, जिन्होंने मंदिर पुनर्निर्माण को विरोध किया

जिस देश के पास विरासत होती है तो वह देश उस पर गर्व करता है। लेकिन हमारे देश की आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उसी विरासत को भुला दिया। जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भी मंदिर आने से रोकने की कोशिश की गई।

### गजनवी को लगा सोमनाथ का वजूद मिटाया, मंदिर फिर खड़ा हुआ

पीएम ने कहा- आज उस इतिहास के बारें में कल्पना कीजिए, 1 हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया। लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा। लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुननिर्माण करा दिया। ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के 1 हजार साल पूरे हो रहे हैं। और अब इसके पुनर्निमाण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं। लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत नष्ट हुए।

## ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट जारी, तेहरान की चेतावनी के बाद हाई अलर्ट पर इजरायल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ईरान में आम लोगों का विरोध प्रदर्शन 14वें दिन में प्रवेश कर चुका है। एक-एक कर देश के हर कोने से सरकार के खिलाफ आवाज उठ रही है। इंटरनेट ब्लैकआउट के भी 60 घंटे हो चुके हैं। इस बीच अमेरिका की चेतावनी से तेहरान का सियासी हलका काफी नाराज है। संसद के अध्यक्ष ने यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी का जवाब धमकी से दिया है।

ईरान के संसद अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका इस्लामी गणराज्य पर हमला करता है तो अमेरिकी सेना और इजरायल निशाने पर होंगे। कालीबाफ ने यह धमकी तब दी जब ईरानी संसद में सांसद मंच की ओर दौड़े और अमेरिका विरोधी नारे लगाए। ईरानी राज्य टेलीविजन ने संसद सत्र को लाइव प्रसारित किया।

कालीबाफ एक कट्टरपंथी नेता हैं और पहले राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने पुलिस और ईरान की पैरामिलिट्री रिवॉल्यूशनरी गार्ड को प्रदर्शनों के दौरान दृढ़ रहने के लिए सराहा। कालीबाफ ने कहा, 'ईरान के लोगों को पता होना चाहिए कि हम उनके साथ सबसे कठोर तरीके से निपटेंगे और गिरफ्तार लोगों को सजा देंगे।'

# सर्दी : सीकर-भरतपुर में 5वीं क्लास तक के बच्चों की छुट्टियां बढ़ाई

## राजस्थान में माइनस में पारा, कोहरे के कारण फ्लाइट कैंसिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर में कड़ाके की ठंड के कारण स्कूलों में 5वीं क्लास तक के बच्चों की छुट्टियां 17 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। छठी से 12वीं क्लास तक के बच्चों का टाइम सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कर दिया गया है। वहीं भरतपुर में 5वीं क्लास तक के बच्चों की 12 और 13 जनवरी की छुट्टी घोषित कर दी गई है। उधर, सीकर के फतेहपुर में सीजन में पहली बार तापमान माइनस 3.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण यहां जगह-जगह बर्फ जम गई। रेगिस्तानी जिले जैसलमेर के कई एरिया में सुबह बर्फ जमी नजर आई। ऐसा ही कुछ नजारा हिल स्टेशन माउंट आबू का रहा। उदयपुर में घने कोहरे के कारण 7 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं।

वहीं, उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवा ने राजस्थान में हाड़ कंपाने वाली सर्दी कर दी है। मौसम विभाग ने रविवार (11 जनवरी) को भी 14 जिलों में कोहरे और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शीतलहर आने वाले दिनों में भी ठिठुराएगी। वहीं, शनिवार को राजस्थान में सबसे ज्यादा सर्द दिन और रात श्रीगंगानगर में रहे। यहां अधिकतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इस सीजन में ये पहली बार है, जब किसी शहर का अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

**घना कोहरा, जगह-जगह बर्फ जमी**-शेखावाटी के इलाकों में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। शनिवार को सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान माइनस 3 डिग्री से ज्यादा गिर गया।



इस एरिया में जगह-जगह बर्फ भी जम गई। कड़ाके की सर्दी के साथ सीकर, झुंझुनूं, नागौर सहित कई जिलों में रविवार सुबह भी घना कोहरा रहा। जैसलमेर के रामगढ़ और चांधन में भी रविवार सुबह बर्फ जमी नजर आई। इधर लेकसिटी उदयपुर में घने कोहरे के कारण रविवार को फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला जारी रहा। दिल्ली, मुंबई, जयपुर जाने वाली फ्लाइट्स कैंसिल की गईं। वहीं, मौसम विशेषज्ञों ने राजस्थान में मकर संक्रांति तक कोल्ड-डे की स्थिति रहने का अनुमान जताया है और तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट होने की संभावना जताई है।

**श्रीगंगानगर में दिनभर कोहरा रहा**-श्रीगंगानगर में इससे पहले साल 2020 और 2019 के सीजन में अधिकतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। श्रीगंगानगर में सुबह से ही घना कोहरा रहा, जो देर शाम तक रहा।

# पूर्व-मंत्री मालवीय ने बीजेपी छोड़ी

## बोले-यहां मेरा दम घुट रहा

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा को लिखा पत्र, 23 महीने पहले भाजपा में शामिल हुए थे



बढ़ता राजस्थान

**बांसवाड़ा।** पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय का दो साल में ही भाजपा से मोह भंग हो गया है। मालवीय ने बीजेपी छोड़ दी है। कांग्रेस में शामिल होने के लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को पत्र लिखा है। मालवीय ने रविवार को जयपुर में कांग्रेस के महासचिव सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मुलाकात की। मालवीय ने कहा कि बीजेपी की सत्ता होते हुए भी मैं जनता के काम नहीं करा पा रहा हूं। भाजपा सरकार में गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं है। मनरेगा का भुगतान महीनों से अटका है, किसानों को खाद नहीं मिल रहा। मैंने कई बार मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष को चिट्ठी लिखी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

**आलाकमान क्या निर्णय करता है वो देखेंगे: डोटासरा**

वहीं पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मुझे महेन्द्रजीत सिंह मालवीय का पत्र मिला है। जिसमे उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी छोड़ना मेरी भूल है। कांग्रेस ने हमेशा मुझे मान सम्मान दिया है, मैं कांग्रेस की रीति-नीति को मानने वाला व्यक्ति हूं। भारतीय जनता पार्टी में जाना मेरी बहुत बड़ी भूल थी, ऐतिहासिक भूल थी। भारतीय जनता पार्टी से मैंने इस्तीफा दे दिया है। बीजेपी में मेरा दम घुट रहा है, मैं एक सेकेंड भी वहां रहना नहीं चाहता हूं। डोटासरा ने कहा- डिसीप्लीनरी कमेटी है, हम सब लोग चर्चा करके अपनी रिपोर्ट प्रदेश प्रभारी के जरिए आलाकमान को देंगे और उस पर आलाकमान क्या निर्णय करता है, वो देखना होगा।

**मालवीय बोले-कांग्रेस मेरे लिए नई पार्टी नहीं**

जयपुर में महेन्द्रजीत सिंह मालवीय ने कहा कि कांग्रेस मेरे लिए नई पार्टी नहीं है। पिछले 40 साल मैंने कांग्रेस में निकाले हैं, सरपंच के रूप में, प्रधान के रूप में, एमपी के रूप में, पांच बार जिला प्रमुख के रूप में, चार बार विधायक के रूप में और दो बार सरकार के मंत्री के रूप में लंबे समय तक कांग्रेस में काम किया। लेकिन, कुछ समय पहले मेरा मन हुआ कि डबल इंजन की सरकार है, मेरे क्षेत्र में विकास रुकना नहीं चाहिए।

## Amit Shah का Kerala में Mission 2026 का शंखनाद, बोले- LDF-UDF का खेल अब खत्म होगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को केरल में स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का लक्ष्य साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि केरल में बीजेपी का सफर आसान नहीं था, लेकिन समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर पार्टी ने आज एक मजबूत पहचान बनाई है। शाह ने स्पष्ट किया कि बीजेपी का अंतिम लक्ष्य केवल जीत नहीं, बल्कि केरल में अपनी सरकार बनाना और भाजपा का मुख्यमंत्री लाना है।

शाह ने केरल की मौजूदा राजनीति पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य इस वक्त एलडीएफ और यूडीएफ की मिलीभगत के कारण ठहराव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों पार्टियों ने बारी-बारी से सत्ता में आकर भ्रष्टाचार करने का गुप्त समझौता कर लिया है। उनके अनुसार, केरल का भविष्य इन दोनों के साथ सुरक्षित नहीं है, क्योंकि वे राज्य की परंपराओं और विकास की रक्षा करने में विफल रहे हैं।

**शाह ने सुरक्षित केरल का वादा**-अमित शाह ने पार्टी की बढ़ती ताकत के आंकड़े पेश करते हुए बताया कि 2014 में बीजेपी का वोट शेयर 11त्न था, जो 2019 में 16त्न और 2024 में बढ़कर 20त्न के पार पहुंच गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जिस तरह पार्टी ने दो सीटों से शुरू करके केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाई और असम जैसे राज्यों में जीत हासिल की, वही इतिहास केरल में भी दोहराया जाएगा।

**एलडीएफ और यूडीएफ पर निशाना** -गृह मंत्री ने एलडीएफ और यूडीएफ पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल वोटबैंक की राजनीति के कारण क्क्नढ्ढ और स्ठक्क्ढ्ढ जैसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि केवल बीजेपी ही केरल को ऐसी राष्ट्रविरोधी ताकतों से बचा सकती है। शाह ने तीन तलाक कानून का उदाहरण देते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने तुष्टीकरण की नीति के तहत इसका विरोध किया, जबकि बीजेपी सभी के लिए न्याय, किसी का तुष्टीकरण नहीं के सिद्धांत पर चलती है।

# हमउम्र पड़ोसी महिला ने पहले साथ में चाय पी, फिर गला घोंटा

- लूट दिखाने के लिहाज से सामान बिखेरा व जेवर साथ ले गई
- असावा में वृद्धा कांतादेवी हत्या मामले का किया राजफाश

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** अनादरा थाना क्षेत्र के असावा गांव में वृद्धा की हत्या के मामले का राजफाश करते हुए पुलिस ने पड़ोसी व हमउम्र महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हत्या से पहले साथ में चाय पी तथा बाद में गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस व लोगों को गुमराह करने के लिहाज से उसने वारदात को लूटपाट का रूप देना चाहा। इसके लिए घर का सामान बिखेर दिया तथा वृद्धा के पहने हुए जेवर साथ ले गई।

पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि वृद्धा कांतादेवी हत्याकांड मामले में त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए राजफाश किया गया है। पुलिस ने असावा निवासी मधुदेवी पत्नी मणीलाल रावल को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने वारदात करना स्वीकार किया है। बताया कि वे दोनों आपस में सहेली थीं, लेकिन परस्पर मनमुटाव भी था। इससे नाराज होकर उसने कांतादेवी का गला घोंटकर हत्या कर दी।

### चरित्र पर टिप्पणी करने से थी नाराज

पूछताछ में सामने आया कि चरित्र पर की गई टिप्पणी से मधुदेवी नाराज थी। इसके बाद वह कांतादेवी को सबक सिखाना चाहती थी। गत 7 जनवरी की रात करीब नौ बजे वह कांतादेवी के घर गई। वहां मौका देखकर उसने हत्या कर दी। इसके बाद शव को घसीटकर अंदर कमरे में रखा। फिर घर का सामान बिखेर कर जेवरात ले गई।

### इस एंगल से भी तलाशते रहे

घर का सामान बिखरा होने व जेवरात चोरी जाने से पुलिस इस मामले को लूट या चोरी के एंगल से भी जांच कर रही थी। पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर को देखते हुए साइबर सैल, एमओबी, एफएसएल, डॉग स्क्वॉयड समेत कई टीमों को इस काम पर लगाया। इसके लिए तकनीकी आधार पर जांच की गई, लेकिन कोई खास क्लू नहीं मिला।

### संदेह हुआ तो क्लू भी सामने आए

उधर, इस दौरान जांच में सामने आया कि मृतका के साथ अंतिम बार मधुदेवी को देखा गया था। इस पहलु पर जांच हुई तो गायब हुए मोबाइल का वापस घर में ही मिलना और डॉग स्क्वॉयड का मधुदेवी के घर के आसपास घूमना आदि क्लू सामने आए। संदेह के आधार पर मधुदेवी को वॉच किया तो संदंह और गहराया। इसके बाद उसे दस्तियाब कर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई। इस पर मामले का खुलासा हुआ।



### मुश्किल था पर दो दिन में ही राजफाश

ज्ञातव्य है कि असावा गांव में अकेली रहने वाली वृद्धा कांतादेवी पत्नी भैराराम रावल की गत 7 जनवरी को उसके घर में ही हत्या हो गई थी। सुबह घर में शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का जायजा लिया। हत्या की वारदात के बाद लोगों में आक्रोश नजर आया। ब्लाइंड मर्डर का मामला होने से पुलिस के लिए इसका क्लू तलाशने में मुश्किल हो रही थी, लेकिन दो ही दिन में राजफाश कर दिया गया।

## केलवा-आमेट रोड पर प्रशासनिक अनदेखी, घंटों जाम में फंसे राहगीर



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** केलवा-आमेट रोड पर सड़क निर्माण कार्य के चलते भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक के बावजूद पुलिस व प्रशासन की अनदेखी से रोजाना लंबा जाम लग रहा है। हालात ऐसे हैं कि राजगीर सहित आम राहगीरों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार केलवा आमेट क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण कार्य जारी है। विभाग ने भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाते हुए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं, इसके बावजूद परिवहन सामग्री व गिट्टी से भरे ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहन धड़ल्ले से इसी मार्ग से गुजर रहे हैं।

भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क पर बार-बार जाम की स्थिति बन रही है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों, मरीजों और कामकाजी लोगों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। प्रशासन द्वारा बड़े वाहनों के लिए केलवा-जैतपुरा -सियाणा रोड को वैकल्पिक मार्ग के रूप में तय किया गया था, लेकिन वाहन मालिकों की मनमानी और ट्रैफिक नियमों की खुलेआम अनदेखी से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।ग्रामीणों और राहगीरों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण पूर्ण होने तक भारी वाहनों पर वैकल्पिक मार्ग पर भेजा जाए, वैकल्पिक मार्गों पर सख्ती से यातायात सुचारू कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# कड़ाके की ठंड के बीच गरीबों को राजस्थान उत्तराखंड सभा ने जयपुर में बांटे कंबल

### पूरे महीने चलता रहेगा वस्त्र वितरण अभियान ढूंढ ढूंढ कर जरूरतबंदो को बांटे जाएंगे गर्म कपड़े




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** 11 जनवरी, राजस्थान उत्तराखंड सभा, राजस्थान प्रदेश युवा प्रकोष्ठ की ओर से जयपुर के पदाधिकारियों द्वारा जरूरतबन्दों को कंबल व गरम कपड़े बांटे गये। सभा प्रदेश अध्यक्ष बी एस रावत की उपस्थिति और बृजमोहन सिंह नेगी, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ महासचिव के निर्देशन में कार्यक्रम रखा गया। सभा अध्यक्ष बी एस रावत ने कहा कि हम सालों साल से वस्त्र वितरण कार्यक्रम करते आ रहे है उसी सिलसिले में आज वस्त्र दान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जयपुर में ठंड ज्यादा बढ़ी हुई है ऐसे में सभा के पदाधिकारियों ने आज जयपुर के मांगयावास क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ीयों, खुल्ले में रहने को मजबूर परिवारों के बीच जाकर कंबल व कपड़े बांटे गये।

प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह अधिकारी ने कहा कि परहित सरसी धर्म नही भाई.. असहाय पीड़ितों, जरूरतबन्दों की सेवा का फल अनमोल होता है यही कार्य सभा के पदाधिकारी मिलजुलकर कर रहे है। आज भी सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने कम्बल और पुराने पहनने योग्य गर्म कपड़े एकत्रित कर सैकड़ों परिवारों के मध्य बांटे। सभा का यह प्रयास लगातार आगे भी अन्य जगहों में वस्त्र वितरण कार्यक्रम किये जायेंगे। कार्यक्रम में सभा मुख्य पदाधिकारी अजय सिंह नेगी, महावीर सिंह पटवाल, गोदावरी कांडपाल, बीना पंत, ज्योति नेगी, नवीन जोशी, अमर सिंह अधिकारी, परमेश चौहान, धीरज नेगी, प्रदीप तराड़ी, रीता आनन्द पांडे, बसंत भट्ट, दुर्गा सिंह अधिकारी, विक्रम सिंह अधिकारी, ललित फुलार, चंडी प्रसाद के अलावा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, सहयोगियों ने पहुंचकर सैकड़ों परिवारों को सर्दी में गर्म कपड़े, कंबल, खाद्य सामग्री देकर राहत पहुंचाई। प्रदेश संगठन मंत्री ने सभी कार्यक्रम सहयोगियों, साथियों का धन्यवाद किया।

# ऑनलाइन गेमिंग में प्रतिदिन नौ से दस लाख ठगी का भंडाफोड़

## होटल में पखवाड़ेभर से चल रहा था ठगों का रैकेट

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही( नि.स. )।** सरूपगंज पुलिस ने एक होटल से चल रहे ऑनलाइन गेमिंग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन जनों को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रतिदिन नौ से दस लाख रुपए की ठगी कर रहे थे। सरूपगंज की इस होटल में यह गिरोह करीब पखवाड़ेभर से काम कर रहा था। पुलिस ने इनके पास से कई बैंक खातों की पास बुक, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, लैपटॉप समेत अन्य सामग्री जब्त की है।

पुलिस के अनुसार सरूपगंज की होटल राजहंस में कमरा किराये पर लेकर ऑनलाइन गेमिंग का रैकेट चलाया जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने यहां दबिश देकर गुजरात निवासी तीन युवकों को गिरफ्तार किया। इसमें नाड़ोतरा छापी निवासी राकेशकुमार पुत्र बाबूलाल त्रिवेदी, नवी संधादि - बनासकांठा निवासी महेश पुत्र भीखाभाई चौधरी व कबीरपुरा बड़गांव निवासी हितेशकुमार पुत्र लालजीभाई चौधरी शामिल है। पूछताछ के बाद इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों के गिरफ्तारी होने की संभावना है।

### किराये पर ले रखे थे बैंक खाते

अधिकारी बताते हैं कि आरोपियों के पास से दो लेपटॉप, 18 एंड्रॉइड मोबाइल, एक डोंगल, दस सिम कार्ड, 15 एटीएम कार्ड, नौ बैंक खाता पासबुक, तीन चैक बुक जब्त की गई है। इनकी दो कारें भी जब्त कर ली गई। खातों में प्रतिदिन नौ से दस लाख रुपए का लेन-देन किया जा रहा था। वहीं, बैंक खातों को कमीशन आधार से किराये पर लिया हुआ था। इनको कुछ राशि दी जाती थी।

### फिर भी पुलिस को भनक नहीं लगती

बताया जा रहा है कि ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े ये आरोपी यहां पहले भी आ चुके हैं। इस होटल में रहते हुए कुछ दिनों तक रैकेट चलाया जाता है। इसके बाद सामान समेटकर फुर्र हो जाते हैं। रैकेट में शामिल सदस्य अनधिकृत ऐप के जरिए करोड़ों का गेम चला रहे थे। इस राशि को हवाला के जरिए विदेश तक भेजने की बात भी सामने आई है। इस बार भी करीब पखवाड़ेभर से यहां काम चल रहा था, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। ऐसे में हाईवे की होटलों में नियमित जांच एवं पुलिस गश्त के दावों की भी पोल खुल रही है।

## द्वारकेश बस्ती में हिंदू सम्मेलन की तैयारियां तेज

### 18 जनवरी को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** जिला मुख्यालय पर द्वारकेश बस्ती की ओर से 18 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों जोर पकड़ा हैं। आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ओर सर्व समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में जेके मोड स्थित कार्यालय में हुई बैठक में सम्मेलन आयोजन व्यवस्था, जनभागीदारी पर विस्तृत चर्चा के साथ सम्मेलन की भव्यता और व्यवस्थाओं को लेकर अंतिम रूपरेखा तैयार की गई।

हिंदू सम्मेलन के तहत 18 जनवरी दोपहर 1 बजे मुखर्जी चौराहा कुमावत समाज नोहरे से शोभायात्रा रवाना होगी, उसके बाद कार्यक्रम स्थल द्वारकेश वाटिका में अपरान्ह 4 बजे धर्मसभा आयोजित होगी।

कार्यक्रम संयोजक चंद्र मोहन सोलंकी ने बताया कि बैठक में शोभायात्रा, बस्ती ओर प्रमुख चौराहे सजावट, पंडाल, बैठक, स्वागत, मंच व्यवस्था, प्रचार प्रसार, आमंत्रण टोली, सुरक्षा, अनुशासन, यातायात, वाहन पार्किंग, भोजन व्यवस्था सहित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अन्य समितियों का गठन कर जिम्मेदारियों को बांटा गया। कार्यक्रम के तहत बस्ती के मुखर्जी चौराहा स्थित कुमावत समाज के नौहरे से शोभायात्रा रवाना होगी। जो मुखर्जी चौराहा, जेके मोड, मुख्य चौपाटी, कांकरोली बस स्टैंड होती हुई कार्यक्रम स्थल श्री द्वारकेश वाटिका में पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित होगी। जहां साधु संतों ओर प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में बौद्धिक होगा।

## पीएम श्री विद्यालय के विद्यार्थियों का हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र तक कृषि-औद्योगिक भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( नि.स. )।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा के कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने शनिवार को व्यावसायिक शिक्षा (कृषि एवं पशुपालन) के अंतर्गत हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र का फील्ड विजिट किया।

यह भ्रमण आध्यात्म, कृषि-पशुपालन, नैतिक शिक्षाओं और व्यावहारिक अनुभव का अनूठा समन्वय सिद्ध हुआ। विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों के दल को रवाना किया। उन्होंने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में कृष्ण भावना, गौ-संरक्षण, पशु सेवा, कृषि संबंधी जागरूकता और सामाजिक-नैतिक मूल्यों को मजबूत करना है। भ्रमण प्रभारी व्याख्याता प्रकाश चंद गुर्जर ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा का असली उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर वास्तविक जीवन, कार्य पद्धति और कौशल आधारित गतिविधियों से जोड़ना है। यात्रा में व्याख्याता धोलाराम यादव, मालाराम यादव, पुष्पा देवी व संगीता देवी सहित विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय सहयोग दिया। विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों हेतु भोजन, फल व नाश्ता की समुचित व्यवस्था की गई।

## स्वयंसेवी शिक्षण संस्थान संरक्षण समिति राजस्थान के कार्यालय का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** स्वयंसेवी शिक्षण संस्थान संरक्षण समिति राजस्थान के कार्यालय का उद्घाटन हरदेव विहार, वैशाली मार्ग पश्चिम, मीनावाला, जयपुर में श्रीमती संतोष वर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, झोटवाड़ा शहर, जयपुर तथा करणी विहार मंडल भाजपा अध्यक्ष कालूराम शर्मा एवं उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर संतोष वर्मा ने समिति के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं संरक्षक मंडल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग का सहयोग सदैव रहेगा।

समिति अध्यक्ष भूपराम शर्मा ने जानकारी दी कि अब समिति का कार्यक्षेत्र संपूर्ण राजस्थान रहेगा और प्रत्येक निजी विद्यालय की समस्याओं के समाधान हेतु समिति सक्रिय रूप से कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि समिति का प्रथम लक्ष्य सरकार से आरटीई के अंतर्गत निःशुल्क प्रवेशित प्री-प्राइमरी विद्यार्थियों की पुनर्भरण राशि का भुगतान सुनिश्चित करवाना तथा पिछले लगातार पाँच वर्षों से निर्धारित यूनिट कॉस्ट 13,535 में वृद्धि करवाना है।

मंडल अध्यक्ष कालूराम शर्मा ने समिति के सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि सरकार के स्तर पर निजी विद्यालयों की समस्याओं एवं न्यायोचित मांगों के लिए पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

समिति के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, सचिव सवाई सिंह धायल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव एवं सभी सदस्यों ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। समिति के संरक्षक अनूप सिंह शेखावत ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में संगठन मंत्री रामेश्वर प्रजापत ने समिति के विस्तार एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निवास पहुंचे जैन मुनि श्री संबोध कुमार

- जैन मुनि संबोध कुमार का जिला कलक्टर निवास पर आध्यात्मिक प्रवचन
- आज की पीढ़ी दिग्भ्रमित, जीवन का लक्ष्य जानना जरूरी -मुनि संबोध कुमार



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** रविवार सुबह जैन मुनि श्री संबोध कुमार जी जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा के राजकीय आवास पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी से उपस्थितजनों को आत्मचिंतन और जीवन मूल्यों की दिशा में मार्गदर्शन दिया। मुनि के आगमन पर जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने सपरिवार, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों तथा जैन समाज के स्थानीय नागरिकों के साथ उनका स्वागत किया और प्रवचन का लाभ लिया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने स्वयं को इस पुण्य अवसर का निमित्त मानते हुए आभार व्यक्त किया।

### अहिंसा और संवेदनशीलता ही जीवन का मूल आधार

अपने प्रवचन में मुनि संबोध कुमार ने कहा कि जैन दर्शन का मूल उद्देश्य यही है कि किसी भी व्यक्ति, जीव या समाज को हमारे आचरण से किसी प्रकार की ठेस न पहुंचे। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, संयम और सह-अस्तित्व की भावना से मापी जाती है। व्यक्ति को यह सतत प्रयास करना चाहिए कि वह कभी भी किसी के दुख का कारण न बने और जहां संभव हो, वहां सहारा व समाधान देने का कार्य करे।

### संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण सबसे बड़ी जिम्मेदारी

मुनि ने बच्चों और युवाओं के संदर्भ में कहा कि परिवार और समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, नैतिकता और जिम्मेदारी का बोध भी कराना आवश्यक है। सही संस्कारों से युक्त युवा ही समाज और राष्ट्र को सही दिशा दे सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को समय दें, संवाद करें और उन्हें जीवन के सही उद्देश्य से परिचित कराएं। प्रवचन के अंत में उपस्थित जनों ने मुनि के विचारों को प्रेरणादायक बताया और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण शांति, सकारात्मकता और आत्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, मेवाड़ तेरापंथ कॉन्फ्रेंस के कार्यवाहक अध्यक्ष भूपेन्द्र चोरडिया, तेरापंथ सभा कांकरोली अध्यक्ष लाभचन्द बोहरा, भिक्षु बोधि स्थान राजनगर अध्यक्ष हर्षलाल नवलखा, कार्यकारी अध्यक्ष शांतिलाल कोठारी, राजकुमार दक ने विचार व्यक्त किये। संचालन राजकुमार दक ने किया।

# ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग (वीपीएल) सीजन-9 वॉलसिटी 11 की 134 रनों से रिकॉर्ड जीत, नेक्स्ट जेन चैंपियंस 11 भी विजयी

## वीपीएल सीजन-9 में रोमांचक मुकाबले, वॉलसिटी 11 का एकतरफा दबदबा और नेक्स्ट जेन चैंपियंस 11 की रणनीतिक 12 रनों की जीत







बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। दिनांक 11.1.2026, को ऑल इंडिया 'ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग (वीपीएल) सीजन-9' के रविवार को खेले गए पहले एकतरफा लेकिन रोमांचक लीग मुकाबले में 'वॉलसिटी 11' ने क्रिकेटिंग उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन करते हुए 'फरिदाबाद टाइटंस' को '134 रनों के बड़े अंतर' से पराजित कर टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी को और अधिक मजबूत किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉलसिटी 11 ने निर्धारित 15 ओवरों में '3 विकेट के नुकसान पर 185 रनों का विशाल स्कोर' खड़ा किया। टीम की इस विस्फोटक पारी की नींव 'आदित्य' की तूफानी बल्लेबाजी ने रखी, जिन्होंने मात्र '33 गेंदों में 81 रन' बनाते हुए 13 चौकों और 3 छक्कों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका सशक्त साथ निभाया 'तुषार विजय' ने, जिन्होंने 63 रनों की आकर्षक पारी खेली, जबकि 'दीपक विजय' ने 24 रन बनाकर पारी को संतुलन प्रदान किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फरिदाबाद टाइटंस की टीम वॉलसिटी 11 के अनुशासित और आक्रामक गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 'महज 51 रनों पर सिमट गई। गेंदबाजी विभाग में ''अनिकेत विजयवर्गीय' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके, वहीं 'आदित्य' और 'नितिन' ने भी क्रमशः 3 और 2 विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। (वीपीएल) सीजन-9' के अंतर्गत खेले गए दूसरे लीग मुकाबले में एक उच्च-स्तरीय लीग मुकाबले में द नेक्स्ट जेन चैंपियंस 11 ने रणनीतिक कौशल, संतुलित टीम प्रदर्शन और पेशेवर उत्कृष्टता का परिचय देते हुए चोमू वॉरियर्स पर 12 रनों की सशक्त जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए द नेक्स्ट जेन चैंपियंस 11 ने निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 107 रन का सम्मानजनक एवं प्रतिस्पर्धी स्कोर प्रस्तुत किया। टीम की पारी को अटल की क्लासिक और परिपक्व बल्लेबाजी ने स्थिरता प्रदान की, जिन्होंने 42 गेंदों में 55 रन की प्रभावशाली पारी खेलते हुए मैच की दिशा तय की। वहीं आरश ने आक्रामक अंदाज में 34 रन जोडक़र टीम को तेज शुरुआत दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चोमू वॉरियर्स की टीम निरंतर दबाव में रही और निर्धारित ओवरों में 95-5 के स्कोर तक ही पहुँच सकी। गेंदबाजी विभाग में हर्षित विजय एवं अंकित विजय ने सटीक लाइन, लेंथ और अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 2-2 महत्वपूर्ण विकेट अर्जित किए, जबकि रवि की किफायती गेंदबाजी ने विपक्ष की रनगति पर प्रभावी अंकुश लगाया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के टाइटल स्पॉन्सर राजीव विजयवर्गीय एवं प्राइज स्पॉन्सर श्याम तलाब,आयोजन समिति के दिनेश दुब्बी ,गिरधर कलमंडा, प्रयाग पीपलू,,बनवारी बांदीकुई, गणपत विजय मेवाड़ नरेंद्र शिवपुरी, संदीप दुब्बी ,मनोज ताल चिड़ी, राकेश तालाब पंकज भरथला आदि मैदान पर उपस्थित रहकर खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने जरूरतमंदों को वितरण किए गए कंबल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शीत ऋतु को देखते हुए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए गए ग्राम पंचायत मुंडोति के गढ़वाली ढाणी में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया । इस मौके पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सब देश बैंकिंग हेड सुल्तान सिंह पलसानिया के द्वारा कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया । इस मौके पर उपस्थित डॉक्टर शीशपाल ताखर ,बीरबल जुंजडिय़ा, शंकर लाल, मदनलाल ,बनवारी लाल ,कमल, लादूराम आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे और बैंक का धन्यवाद किया तथा समय-समय पर जरूरतमंदों की इसी प्रकार सहायता करने का काम बैंक करता रहे और लोगों की जरूरत के हिसाब से बैंक सार्वजनिक हित का पुनीत कार्य करता रहे ।

## निवारू में लोगो का पानी क़ो लेकर गुस्सा फूटा



बढ़ता राजस्थान

**निवारू /जयपुर (का.स.)।** रविवार को निवारू बस स्टैंड पर कॉलोनी वासियो की तरफ से पानी की समस्या क़ो लेकर लोगो में जबरदस्त आक्रोश देखने क़ो मिला। सभी कॉलोनियों से गणमान्य लोगो ने अच्छी संख्या में भाग लिया। मीटिंग मै मांग उठी की बीसलपुर पाइप लाइन का कार्य अति शीघ्र चालू किया जाये, अगर कार्य चालू नहीं हुवा तो सीएम साहब से समय लिया जाएगा और मांग उनके सामने रखी जाएगी,सीएम साहब के समय नहीं मिला तो, उसके बाद शहीद स्मारक पर धरने की तैयारी की जाएगी।

मीटिंग में निवारू में बड़ी सख्या में महिलाओ ने भाग लिया, जिन्होंने अपना आक्रोश मटका फोड़ कर सरकार के खिलाफ दिखाया। सभा क़ो जीवराज शेखावत पूर्व सरपंच, एडवोकेट किशन सिंह, चंद्रभान शर्मा, ऋषिपाल उपाध्याय, कैप्टेन विजेंद्र सिंह राड,, पंडित रवि प्रकाश, अर्जुन सिंह, राजेश कस्वां, नीतू भगचन्दनी, निहाल सिंह लमोरिया आदि ने सम्बोधित किया। सभी ने एक स्वर में कहा की अगर सरकार नहीं चेती तो इस समस्या के लिए आगे तक लड़ाई लड़ी जाएगी।

## मीणा समाज भवन निर्माण का आय व्यय ब्यौरा प्रस्तुत ,सदस्यता अभियान चलाया जाएगा



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कमावत)।** रविवार को राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ के अध्यक्ष रामचंद्र मीणा की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन मीना समाज भवन चौमूँ में किया गया। मीटिंग में उपस्थित समाजबंधुओं, पदाधिकारियों के समक्ष मीणा समाज भवन निर्माण में आय-व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष मुकेश बागड़ी ,शेष मीणा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आज मीटिंग में अध्यक्ष रामचंद्र मीणा द्वारा चौमूँ में आदिवासी बालिका छात्रावास एवं अध्ययन केन्द्र के लिए भू-आवंटन एवं निर्माण मद-आवंटन के लिए राज्य सरकार से मांग करने संबंधी प्रस्ताव लिया गया। इस हेतु भवन लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार किरोड़ीलाल मीणा से संपर्क कर उक्त कार्य को गति देने का निर्णय लिया गया। साथ ही शहीद श्री रामकरण मीणा स्मारक परिसर डोला का बास में संग्रहालय निर्माण हेतु राज्य सरकार से मांग की गई । इसी दौरान राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ तहसील में सदस्यता अभियान चलाने पर चर्चा की गई । आगामी दिनों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा । मीटिंग में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भोलूराम मीणा,महामंत्री महेंद्र मीना, कोषाध्यक्ष मुकेश बागड़ी, संरक्षक हनुमान फौजी, प्रभु खोड़ा, चिरंजी लाल मीणा,उपाध्यक्ष मालीराम मीना, पूरण मीना, रतन हाटवाल, मीडिया प्रभारी शेष मीणा, बीडीओ सी आर मीना, शिक्षाविद् मुकेश हाटवाल,प्रोफेसर सुरेन्द्र मीना, तोफान मीना, अध्यापक रामचंद्र मीणा, दामोदर मीना,जगदीश मानतवाल, मलखान मीणा, संजय मीना, भुवनेश मीना,मक्खन मीना, बनवारी मीना, बंशीधर मीना, राम मीना उपस्थित रहे।

## महाअधिवेशन में राज्यपाल का संदेश: परंपरा सहेजें, भविष्य गढ़ें

## माहेश्वरी समाज नहीं, जीवंत संस्कृति है - राज्यपाल बागडे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर / जोधपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को जोधपुर में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाअधिवेशन एवं माहेश्वरी महाकुंभ में सहभागिता करते हुए कहा कि माहेश्वरी समाज केवल एक समुदाय नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना का सशक्त स्वरूप है। राज्यपाल बागडे ने समाज की प्रतिभाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि वही समाज प्रगति करता है, जो अपनी प्रतिभाओं को सम्मान और अवसर प्रदान करता है। उन्होंने समाज की एकता, समान संस्कृति, मूल्य और परंपराओं को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र केवल भू-भाग नहीं, बल्कि एक जीवंत दर्शन है, जो विभिन्न समाजों के सामूहिक योगदान से सशक्त होता है। इस दृष्टि से माहेश्वरी समाज भारतीय संस्कृति की निरंतर प्रवाहमान धारा है। राज्यपाल ने माहेश्वरी समाज की ऐतिहासिक उत्पत्ति, उद्यमिता परंपरा और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि जहाँ बैलगाड़ी नहीं पहुँचती, वहाँ मारवाड़ी पहुँचते हैं।

## माली समाज विकास समिति के तत्वावधान में आगामी 26 मार्च को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

### सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर हुआ प्रथम युवक-युवती परिचय सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं (दिनेश कुमार कमावत)।** शहर के रींगस रोड स्थित सैनी समाज सभा भवन में रविवार को माली समाज विकास समिति तहसील चौमूं द्वारा आयोजित आगामी 19वें सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 मार्च 2026 के आयोजन को लेकर प्रथम युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। परिचय सम्मेलन के दौरान इस वर्ष होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए आठ जोड़ों ने आवेदन प्रस्तुत कर पंजीकरण करवाया। माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल सैनी पांच्या ने बताया कि पहले ही परिचय सम्मेलन में आठ जोड़ों का पंजीकरण होना समाज में सामूहिक विवाह के प्रति बढ़ती जागरूकता और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ-साथ अनावश्यक खर्चों को भी कम करता है। कार्यक्रम में महामंत्री मदनलाल मालेरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष माया सांखला, निवर्तमान सभापति विष्णु कुमार सैनी, पूर्व अध्यक्ष मदनलाल सतरावला, राधेश्याम तंवर, मदनलाल जादम, प्रह्लाद सहाय अधोप्या, दिनेश तिगरिया, घीसालाल सैनी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जयनारायण चंदेल, महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान अध्यक्ष अनिल कुमार सैनी सहित अन्य वक्ताओं ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज से अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया। परिचय सम्मेलन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें समाज की एकता, सहयोग और सामाजिक सुधार का संदेश दिया गया।

## जयपुर में 1500 से ज्यादा राहें हुईं आसान... राहत का दूसरा नाम बना रास्ता खोलो अभियान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की प्रभावी अनुपालना में जयपुर जिले में संचालित 'रास्ता खोलो अभियान' अब ग्रामीणों एवं किसानों के लिए राहत का प्रतीक बन गया है। प्रशासन की संवेदनशील पहल से महज 14 महीनों से भी कम समय में जिले में वर्षों से बंद पड़े 1,508 रास्ते खुलवाए गए, जिससे लाखों ग्रामीणों की खेतों, ढाणियों और गांवों तक पहुंच सुगम हुई है। रास्ता खोलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक आमजन को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशासन की सक्रियता और संवाद आधारित रणनीति के चलते कई वर्षों पुराने विवादों का समाधान सहमति एवं समझाइश से किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत फागी तहसील अव्वल रही, जहां सर्वाधिक 136 रास्ते खुलवाए गए। वहीं मौजमाबाद तहसील में 120 रास्ते खुलवाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की गई। अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री आशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम 3 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी के तहत सहमति और समझाइश से गांवों, खेतों और ढाणियों के वर्षों से अवरुद्ध रास्तों को खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर 2024 से 10 जनवरी 2026 की अवधि में रास्ता खोलो अभियान के तहत फागी तहसील में सर्वाधिक 136 रास्ते खुलवाए गए।

## साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्स' सबसे महत्वपूर्ण- डीजीपी शर्मा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान को साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा में देश का मॉडल राज्य बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप पुलिस मुख्यालय में राजस्थान पुलिस और साइबरपीस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन ऑपरेटर्स की दो दिवसीय फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स वर्कशॉप का समापन नई ऊर्जा और बड़े संकल्पों के साथ हुआ।

हेल्पलाइन 1930- रिस्पॉन्स एक आर्ट और जिम्मेदारी

अपने संबोधन में डीजीपी राजीव शर्मा ने हेल्पलाइन ऑपरेटर्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साइबर क्राइम की शिकायतों को अटेंड करना अब एक आर्ट है। आपकी संवेदनशीलता और त्वरित रिस्पॉन्स ही यह तय करेगा कि हम कितनी जल्दी पीडि़त का पैसा वापस दिला पाते हैं। उन्होंने समय की महत्ता पर जोर देते हुए ऑपरेटरों को फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में उनकी क्रुशियल भूमिका का अहसास कराया।

डीजीपी शर्मा ने राजस्थान में इस प्रकार के प्रशिक्षणों के माध्यम से होने वाले कौशल उन्नयन और साइबर क्राइम रोकने की दिशा में ऑपरेटर की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया। उन्होंने ऑपरेटर्स को तकनीकी दृष्टि से अप टू डेट होकर पीडि़तों की सहायता के लिए कार्य करने को प्रोत्साहित किया।

----

## गौतम रत्न से सम्मानित हुई प्रतिभाएं, पौषबड़ों का लगा भोग

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की स्वयंसेवी संस्था श्री महर्षि गौतम समाज जागृति संस्था की ओर से रविवार को जोरावर सिंह गेट स्थित प्रेम गार्डन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को गौतम रत्न और गौतम प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बालमुकुंदाचार्य, अध्यक्ष श्री रामलला अयोध्या जी सेवा समिति, हाई कोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा रहे। गौतम रत्न से सम्मानित होने वालों में सेना के जवान और कारगिल में सीमा पर तैनात राहुल गौतम ने अपना रिकॉर्डेड मैसेज भेजकर समाज के युवाओं को सफलता के लिए जुटे रहने का संदेश दिया। इसके अलावा विद्युत लोकपाल राम अवतार शर्मा, पुलिस सेवा से आरपीएस आलोक गौतम, शिक्षा के क्षेत्र में डा. पुनीत कृष्ण और डा. नवप्रभाकर लाल गोस्वामी, यूथ एंटरप्रेन्यौर के रूप में चेतन गौतम, वनस्थली से पीएचडी की उपाधि पर पूर्णिमा गौतम, एमटीएक्स के भारत में वाइस प्रेसीडेंट अजय गौतम, नीट में अच्छा स्कोर प्राप्त करने पर भूमिका शर्मा, सरकारी सेवाओं में चयनित निवेदिता शर्मा, दीपक शर्मा, एकता गौतम, आरटीयू से बीटेक में गोल्ड मेडलिस्ट हर्षिता जोशी, राजस्थान यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडलिस्ट मुकुल शर्मा को गौतम रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा परीक्षाओं में अच्छे नम्बर और खेलकूद में मेडल हासिल करने वाले बच्चों को गौतम प्रतिभा सम्मान दिया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में संतोष गौतम को उनकी टीम के साथ शपथ दिलाई गई। निवर्तमान अध्यक्ष सुनील सुशीला शर्मा ने उन्हें कामकाज सौंपा। इससे पहले स्वागत सम्बोधन संस्थापक अध्यक्ष रोशनलाल भमोरिया ने दिया और आभार कार्यकारी अध्यक्ष केदार शर्मा ने प्रकट किया। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान राम, हनुमान जी और महर्षि गौतम की सामूहिक आरती की गई। इस दौरान पूरा माहौल राममय हो गया। कार्यक्रम स्थल पर जब हनुमान जी के रूप में और भगवान शिव के रूप में कलाकार उतरे तो वहां मौजूद समाजबंधु रोमांचित हो उठे। महाआरती के बाद पोषबड़ों का भोग लगाकर सहभोज का आयोजन किया गया।

फ्लेग....प्लास्टिक प्रदूषण बना देसी गौ-वंश के अस्तित्व पर राष्ट्रीय संकट

# अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने किया देशव्यापी 'प्लास्टिक-मुक्त गौशाला अभियान' का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** प्लास्टिक प्रदूषण अब केवल पर्यावरण की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह देसी गौ-माता के अस्तित्व, सार्वजनिक स्वास्थ्य, किसान की आजीविका और सामाजिक चेतना से जुड़ा एक गंभीर राष्ट्रीय संकट बन चुका है। देसी गौ-वंश पर मंडरा रहे इस खतरे को लेकर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद की ओर से टोंक रोड, सांगानेर स्थित वैदिक औषधीय पादप केंद्र में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक में गहन चिंतन एवं मंथन किया गया। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि प्लास्टिक अब केवल कचरा नहीं, बल्कि एक सामाजिक अपराध बन चुका है। देसी गौ-माता इसका सबसे मूक और निर्दोष शिकार है। यह विषय केवल पशु-कल्याण तक सीमित नहीं, बल्कि किसान, पर्यावरण और राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना से गहराई से जुड़ा हुआ है। अब प्लास्टिक-मुक्त गौशालाएँ विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अनिवार्यता हैं। बैठक में संजय पत्रिया ने कहा कि गौशालाओं के आसपास फैल रहा प्लास्टिक सीधे गौ-माताओं की अकाल मृत्यु का कारण बन रहा है, जिसे रोकने के लिए समाज को स्वयं आगे आना होगा। एडवोकेट खेमचंद शर्मा ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण के विरुद्ध ठोस कानून के साथ-साथ उसके सख्त क्रियान्वयन की भी आवश्यकता है। श्री गंगा नगर से आए अमन गर्ग ने कहा कि सीमावर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की व्यवस्था मजबूत किए बिना गौ-वंश को बचाना संभव नहीं है। नितिन कंबोज (हरिद्वार, उत्तराखंड) ने कहा कि धार्मिक स्थलों और तीर्थ क्षेत्रों को प्लास्टिक-मुक्त बनाए बिना इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। मुकेश नगर (कोटा, राजस्थान) ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में खुले कचरा स्थलों को समाप्त करना गौ-माता की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। बैठक में सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि प्रदेश सहित देशभर की सभी गौशालाओं को चरणबद्ध तरीके से पूर्णतः प्लास्टिक-मुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए सरकार के साथ-साथ समाज के सहयोग से हर संभव प्रयास किए जाएंगे तथा केवल सरकारी सहायता के भरोसे प्रतीक्षा नहीं की जाएगी। गौशालाओं में भोजन सामग्री प्लास्टिक की थैलियों में लाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। इसके स्थान पर श्रद्धालुओं को कपड़े अथवा कागज के थैले निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से बीमार गौ-माताओं के पेट से प्लास्टिक निकालने हेतु शल्य-चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी सहमति बनी। बैठक के समापन पर सर्वसम्मति से देशभर में 'प्लास्टिक-मुक्त गौशाला अभियान' को तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया गया। अंत में डॉ. मोनिका गुप्ता ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## सम्पादकीय

# ईरान को ट्रंप की धमकी, पूरी तरह से बेलगाम हो गए अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में सैन्य हस्तक्षेप करने के जो नए संकेत दिए, उससे यह स्पष्ट है कि वेनेजुएला पर हमले के बाद वे पूरी तरह से बेलगाम हो गए हैं। उनका मनमानापन इसलिए बढ़ता चला जा रहा है, क्योंकि वेनेजुएला में अमेरिकी सेनाओं के हमले का विश्व समुदाय की ओर से एक सुर में विरोध और प्रतिरोध नहीं हुआ। चार वर्ष पहले जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था तो अमेरिका और उसके सहयोगी राष्ट्रों ने उस पर अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों की अनदेखी करने के आरोप लगाए थे। पिछले चार वर्षों में ये आरोप लगातार दोहराए गए हैं, लेकिन अब ट्रंप रूसी राष्ट्रपति पुतिन की ही तरह मनमानी कर रहे हैं। स्पष्ट है कि उनका रवैया विश्व को और अधिक अस्थिर एवं अशांत करने वाला ही है। यह सही है कि ईरान की कट्टरपंथी इस्लामी सत्ता के खिलाफ वहां के लोग सडक़ों पर हैं और उनके प्रति सख्ती दिखाई जा रही है, लेकिन यह स्थिति अमेरिका अथवा किसी अन्य देश को वहां पर सैन्य हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं देती। यदि ईरान में किसी तरह के हस्तक्षेप की आवश्यकता है तो उसकी पूर्ति संयुक्त राष्ट्र की सहमति से और उसके नेतृत्व में ही होनी चाहिए। इसी के साथ यह भी आवश्यक है कि ईरानी शासक और विशेष रूप से वहां की सत्ता का संचालन कर रहे सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई यह समझें कि अपने लोगों का दमन करके स्थितियों को नहीं सुधारा जा सकता। ईरान के लोग जिन कारणों से सडक़ों पर हैं, उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। वे बढ़ती महंगाई से बुरी तरह त्रस्त हैं। ईरान की आर्थिक स्थिति इसलिए गड़बड़ाई हुई है, क्योंकि अमेरिका ने इस आधार पर उस पर कठोर प्रतिबंध लगा रखे हैं कि वह परमाणु हथियार बनाने की चेष्टा कर रहा है। ईरान की ऐसी किसी चेष्टा से इजरायल भी सशंकित है और कुछ महीनों पहले इसी कारण उसने वहां पर हमला भी किया था। इस हमले में अमेरिका ने भी इजरायल का साथ दिया था। एक बार फिर अमेरिका और इजरायल ईरान की घेराबंदी करें तो हैरानी नहीं, लेकिन इससे पश्चिम एशिया की स्थितियां और अधिक बिगड़ेंगी। ईरान अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते पहले ही आर्थिक रूप से पस्त है। विडंबना यह है कि इसके बावजूद वह हिजबुल्ला, हमास जैसे संगठनों के साथ-साथ यमन में काबिज हाउती विद्रोहियों को आर्थिक एवं सैन्य सहायता देने में लगा हुआ है। स्वाभाविक रूप से ईरान की जनता इसके भी खिलाफ है। यदि ईरानी सत्ता अमेरिकी हस्तक्षेप से बचना चाहती है तो उसे अपने रवैये में परिवर्तन करना होगा। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन भारत को ईरान के बिगड़ते हालात के प्रति सतर्क रहना होगा, क्योंकि वहां उसके व्यापक हित निहित हैं।



## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 12 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 2020 - भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।
- रक्षा सचिव अजय कुमार ने कोलकाता में दो भारतीय तटरक्षक जहाजों अर्थात् एनी बेसेंट और अमृत कौर को नियुक्त किया।
- 2018 - इसरो ने लॉन्च किया 100वाँ उपग्रह, एक साथ भेजे 31 सैटेलाइट्स।
- 2015 - कैमरून में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में आतंकवादी संगठन बोको हराम के 143 आतंकवादी मारे गये।
- 2010- भारत सरकार द्वारा नागर विमानन क्षेत्र पर आतंकी हमलो की आशंका के बीच विमान अपहरण रोधी क़ानून 1982 में मौत की सज़ा की धारा जोड़ी गई।
- कैरेबियाई देश हैती में आए भयंकर भूकंप में लाखों लोगों की मौत और राजधानी पोर्ट ओ प्रिंस का अधिकतर हिस्सा तबाह हो गया।
- 2009- प्रसिद्ध संगीतकार ए. आर. रहमान प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवार्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. जयन्त कुमार ने दुनिया का सबसे पुराना उल्का पिंड क्रेटर खोजा।
- 2008-
- कोलकाता में आग से 2500 दुकानें जल कर खाक हुई।
- दुनिया के सबसे बड़े फ़िल्म शो टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव की बुनियाद रखने वाले 'मुर्रे दस्ती कोहल' का निधन।
- 2007 - हिन्दी फ़िल्म 'रंग दे बसन्ती' बाफ़्टा के लिए नामांकित।
- 2006 - भारत और चीन ने हाइड्रोकार्बन पर एक महत्त्वपूर्ण सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।
- 2004 - दुनिया के सबसे बड़े समुद्री जहाज, आरएमएस क्वीन मैरी 2 ने अपनी पहली यात्रा की शुरूआत की।
- 2003 - भारतीय मूल की महिला लिंडा बाबूलाल त्रिनिदाद की संसद अध्यक्ष बनीं।
- 2002 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने राष्ट्र के नाम ऐतिहासिक संदेश प्रसारित किया, पाकिस्तान ने आतंकवादी संगठन लश्कर व जैश पर प्रतिबंध लागू करने की घोषणा की जबकि वांछित पाक अपराधियों को भारत को सौंपने से इन्कार किया।

## विशेष आलेख

# स्वामी विवेकानंदः युवाशक्ति के जागरण का अमर स्वर



सुनील कुमार महला



हर वर्ष 12 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस (नेशनल यूथ डे) महान् आध्यात्मिक गुरू, युवा वक्ता,मार्गदर्शक, विचारक और राष्ट्रनिर्माता स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है।आपका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में हुआ था। आपके बचपन का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था तथा आपके पिता का नाम विश्वनाथ दत्त था,जो एक प्रसिद्ध वकील थे तथा माता का नाम भुवनेश्वरी देवी था,जो अत्यंत धार्मिक, विदुषी और संस्कारवान महिला थीं। आपकी माता ने आपका नाम 'वीरेश्वर' रखा था और आपको प्यार से वह 'बिली' कहकर पुकारती थीं।आपका जीवन संघर्षों से भरा था तथा अपने अपने 39 वर्ष के अल्प जीवन में लगभग 31 बीमारियों का सामना किया। जानकारी मिलती है कि आप चाय पीने के शौकीन थे।एक बार आपने स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक से विशेष रूप से 'मुगलई चाय' बनवाई थी। इतना ही नहीं, आपको खिचड़ी और तले हुए आलू (मसालेदार) भी बहुत पसंद थे। विवेकानंद बहुत ही मेधावी छात्र थे,जिनकी प्रारंभिक शिक्षा मेट्रोपोलिटन स्कूल से हुई थी।बाद में अपने प्रेसीडेंसी कॉलेज तथा जनरल असेंबलीज़ इंस्टीट्यूशन (वर्तमान स्कॉटिश चर्च कॉलेज) में अध्ययन किया। आपने दर्शनशास्त्र, तर्कशास्त्र, इतिहास, साहित्य, वेद, उपनिषद, तथा पाश्चात्य दर्शन का गहन अध्ययन किया। पाठकों को बताता चलूं कि अंग्रेज़ी के साथ-साथ संस्कृत और बंगला पर विवेकानंद जी की असाधारण पकड़ थी।आपका यह मानना था कि 'शिक्षा वह है जो मनुष्य का निर्माण करे और उसके चरित्र को मजबूत बनाए।' आपने एकबार कहा था -'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' आपका यह कहना था कि- शिक्षा मनुष्य के भीतर पहले से ही मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है। आत्मविश्वास के बारे में आपका यह कहना था कि 'यदि आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तो आप भगवान पर भी विश्वास नहीं कर सकते। आपका यह मानना था कि शक्ति ही जीवन है और कमजोरी मृत्यु है। बहुत कम लोग जानते हैं कि आप नास्तिकता की सीमा तक प्रश्न करते थे। वे प्रत्येक साधु से एक ही प्रश्न पूछते थे कि-क्या आपने ईश्वर को देखा है? इसी खोज ने उन्हें रामकृष्ण परमहंस तक पहुँचाया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सत्य की खोज में आपकी मुलाकात स्वामी रामकृष्ण परमहंस से हुई। परमहंस जी के प्रभाव में आकर ही आपने आध्यात्मिक मार्ग अपनाया था और बाद में आप स्वामी विवेकानंद के नाम से जाने गए।पाठकों को बताता चलूं कि विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही ब्रिटिश भारत के दौरान राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोडने में इनकी भूमिका महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संन्यास लेने के बाद आपका नाम स्वामी विविदिशानंद था, लेकिन शिकागो जाने से ठीक पहले, खेतड़ी के महाराजा अजीत सिंह के सुझाव पर आपने अपना नाम बदलकर 'विवेकानंद' कर लिया था। कहते हैं कि एक बार अमेरिका में एक महिला आपके प्रवचनों से इतनी प्रभावित हुई कि उसने आपसे विवाह का प्रस्ताव रख दिया था। दरअसल उसने कहा था, 'मैं आपके जैसा ही तेजस्वी पुत्र चाहती हूँ, इसलिए आप मुझसे विवाह कर लें।'उस समय आपने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया था कि, 'देवी, मैं तो संन्यासी हूँ, विवाह नहीं कर सकता। लेकिन आपकी इच्छा पूरी हो सकती है। आज से आप मुझे ही अपना पुत्र मान लीजिए। इस तरह आपको मेरे जैसा पुत्र भी मिल जाएगा और मेरा संन्यास भी बना रहेगा।' कहते हैं कि विवेकानंद जी का यह जवाब सुनकर महिला उनके चरणों में गिर गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि प्रारंभ में आप रामकृष्ण परमहंस के विचारों से सहमत नहीं थे और तर्क और विवेक के आधार पर आप हर बात को परखते थे, लेकिन धीरे-धीरे रामकृष्ण परमहंस के अनुभवजन्य ज्ञान ने आपको भीतर से बदल दिया।अपने गुरु के देहांत के बाद, 1897 में आपने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य 'परहित' और समाज सेवा के माध्यम से ईश्वर की प्राप्ति है। आप असाधारण स्मरण शक्ति के धनी थे तथा किसी पुस्तक को एक बार पढक़र आप उसका सार याद रख लेते थे तथा कई बार तो आप पूरे पृष्ठ शब्दशः दोहरा देते थे। इतना ही नहीं,आप संगीत प्रेमी संन्यासी और युवा वक्ता थे। गौरतलब है कि 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में आप सबसे कम उम्र के प्रतिनिधि थे। आपके पहले शब्द-'सिस्टर्स एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका' ने पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया था।उस समय वहां 7000 लोग मौजूद थे।शिकागो में आपने हिंदू धर्म को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति के धर्म के रूप में दुनिया के सामने रखा। आपने वर्ष 1894 में पहली 'वेदांत सोसाइटी' की स्थापना की तथा अपने पूरे यूरोप का व्यापक भ्रमण किया तथा मैक्स मूलर और पॉल डूसन जैसे प्रच्च्वादियों से संवाद किया।आपने भारत में अपने सुधारवादी अभियान के आरंभ से पहले निकोला टेस्ला जैसे प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ तर्क-वितर्क भी किये।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर विशेष

# स्वामी विवेकानंद राजगढ़ के टहला में प्रवास आज भी कर रहा है युवाओं को प्रेरित



*28 मार्च 1891 कों अलवर प्रवास के बाद स्वामी जी ने अलवर के भक्तों से विदा लेकर अलवर से अठारह मील दूरस्थ पाण्डुपोल की ओर प्रस्थान किया।*




राजस्थान के अलवर जिले का ऐतिहासिक ग्राम टहला केवल प्राकृतिक सौंदर्य और ग्रामीण संस्कृति के लिए ही नहीं, बल्कि स्वामी विवेकानंद जी के प्रवास के कारण भी विशेष महत्व रखता है।अपने अखिल भारतीय भ्रमण के दौरान स्वामी विवेकानंद फरवरी 1891 कों अलवर पहुँचे। 28 मार्च 1891 कों अलवर प्रवास के बाद स्वामी जी ने अलवर के भक्तों से विदा लेकर अलवर से अठारह मील दूरस्थ पाण्डुपोल की ओर प्रस्थान किया। उनकी इच्छा पैदल चलने की थी, किन्तु सूर्य का प्रखर ताप और अकेलेपन से बचने के लिए जब मित्रों ने अनुरोध किया कि रथ नामक एक तरह की हुई बैलगाड़ी पर चढक़र जाना उचित है, तब उन लोगों की बातों को टाल नहीं सके। केवल यही नहीं, अलवर के समस्त अनुरागी भक्तों ने उनके साथ कम से कम पचास-साठ मील तक चलने की अनुमति माँगी। उन लोगों को छोड़ देने की स्वामीजी की इच्छा थी, परन्तु सबका आग्रह देखकर तथा नही कहने से उन लोगों को क्षोभ होगा, यह जानकर वे सहमत हुए। पाण्डुपोल पहुँचकर स्वामी जी के साथ सभी लोगों ने स्थानीय हनुमान मन्दिर के प्राङ्गण में रात्रि व्यतीत की। दूसरे दिन उन लोगों ने पैदल सोलह मील दूर स्थित टहला गाँव को प्रस्थान किया। उस पर्वतीय पथ के वन से आच्छादित एवं जंगली पशुओं से भरपूर होने पर भी स्वामीजी की कभी गम्भीर और कभी रसिकतापूर्ण मधुर बातों और सुमधुर संगीत से मुग्ध हो सबने आनन्दपूर्वक रास्ता तय किया। टहला में नीलकण्ठ महादेव के प्राचीन मन्दिर की बगल में उन लोगों ने रात्रभर वास किया। विश्राम काल में स्वामीजी ने उन लोगों को समुद्र मन्थन, देवासुर संग्राम, विष की उत्पत्ति, विषपान कर महादेव का मृत्युंजय नाम धारण करना आदि विषयों की एक नवीन व्याख्या की समुद्र का तात्पर्य है माया रूपी समुद्र - यह रूप-रस-गन्धादिमय माया रचित यह विचित्र संसार। यहाँ इन्द्रियों के भोगने योग्य अनेक वस्तुएँ हैं। इन सबका जितना भोग किया जाय, उस भोग के फलस्वरूप उससे उतना ही विष उत्पन्न होता है। वह विष आत्मज्ञान की प्राप्ति में बाधक हैं। अतएव, सर्वत्यागी संन्यासी के निकट वह विष व्यर्थ एवं निस्तेज होता है, ब्रह्मानन्द में निमग्न संन्यासी माया के इन्द्रजाल में नहीं फँसते, बल्कि देवाधिदेव महादेव की भाँति इन्द्रियभोग परायण जीवों को मृत्यु आदि की भयावह परिस्थितियों में उनकी इस प्रकार सहायता करते हैं कि वे अपनी मुक्ति के लिए अपने प्राणों का त्याग करते हैं। वे(संन्यासीगण) माया का नाश कर मृत्यु के ग्रास से संसार की रक्षा करते हैं, और सबको दिखा देते हैं कि मायाजयी पुरुष मृत्यु को भी जीत लेते हैं। यह कहकर स्वामीजी मृत्युंजय महादेव के सम्मुख ध्यानमग्न हो गए। दूसरे दिन प्रातःकाल फिर यात्रा शुरू हुई और अठारह मील दूरवर्ती नारायणी देवीस्थान में समाप्त हुई। नारायणी में हर वर्ष एक खास दिन को विशाल मेला लगता है और राजस्थान के विभिन्न स्थानों से अनगिनत नर-नारी एकत्र होते हैं।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### महावीर और गाड़ीवान



एक गाड़ीवान अपनी भरी गाड़ी लिए जा रहा था। गली में कीचड़ था। गाड़ी के पहिए एक खंदक में धँस गए। बैल पूरी ताकत लगाकर भी पहियों को निकाल न सके। बैलों को जुए से खोल देने की जगह गाड़ीवान ऊँचे स्वर में चिल्ला-चिल्लाकर इस बुरे वक्त में देवताओं की मदद माँगने लगा कि वे उसकी गाड़ी में हाथ लगाएँ। उसी समय सबसे बली देवता महावीर गाड़ीवान के सामने आकर खड़े हो गए, क्योंकि उसने उनका नाम लेकर कई दफा उन्हें पुकारा था। उन्होंने कहा, अरे आलसी आदमी! पैंजनी ( बैलगाड़ी के पहिए के आगे की वह टेढ़ी लकड़ी जिसके छेद में धुरा निकला रहता है। ) से अपना कंधा लगा, और बैलों को बढने के लिए ललकार। अगर इस तरह गाड़ी नहीं निकली, तब तेरा काम देवताओं को पुकारना होता है। क्या तुम्हारे विचार में यह आता है कि जब तुम खड़े हो, उन्हें तुम्हारे लिए काम करना पड़ता है? यह अनुचित है। शिक्षा - जो अपनी मदद करता है, ईश्वर उसी की मदद करते हैं।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में डैंड्रफ से हैं परेशान तो नारियल तेल में मिलाकर लगाएं ये 2 चीजें

सर्दियों के मौसम में सिर्फ सेहत से जुड़ी ही नहीं, बल्कि बालों से जुड़ी भी कई तरह की समस्याएं भी होने लगती हैं। सर्दियों में अधिकतर लोग डैंड्रफ यानी रूसी की समस्या से परेशान रहते हैं। दरअसल, सर्दियों में हमारा शरीर सीबम का प्रोडक्शन अधिक मात्रा में करता है। इस सीबम पर मैलेसेजिया नामक एक फंगस ग्रो करने लगती है। यही मैलेसेजिया फंगस डैंड्रफ पैदा करता है। ऐसे में, डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के शैंपू, ऑयल और हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनमें हानिकारक केमिकल्स मौजूद होते हैं, जो बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में, आप चाहें तो डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू उपायों को आजमा सकते हैं। आप डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा पाने के लिए नारियल के तेल में नींबू का रस मिलाकर लगा सकते हैं। दरअसल, नींबू का रस प्राकृतिक एसिडिक होता है। इसमें एंटी-फंगल गुण मौजूद होते हैं, जो डैंड्रफ को कम करने में मदद कर सकते हैं। वहीं, नारियल का तेल स्कैल्प को पोषण और नमी प्रदान करता है। इसके लिए आप नारियल के तेल में एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने स्कैल्प पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। करीब 30 मिनट बाद बालों को किसी माइल्ड शैंपू से धो लें। हफ्ते में दो से तीन बार इसका इस्तेमाल करने से रूसी से छुटकारा मिल जाएगा। अगर आप सर्दियों में डैंड्रफ की समस्या से परेशान हैं, तो नारियल तेल और नीम के पत्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नारियल के तेल में एक नीम के पत्ते डालकर उबाल लें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

### वृष
आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी सदस्य की ओर से सरप्राइज पार्टी का आयोजन होगा।

### मिथुन
आज का दिन किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर उथल-पुथल रहेगी। वैवाहिक जीवन में आपसी सम्मान बना रहेगा।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढिय़ा रहने वाला है। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कला कौशल में सुधार आएगा।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाले वाला है। राजनीतिक क्षेत्रो में कार्यरत लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा लाभ मिलेगा। संतान की सेहत को लेकर आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है। पढ़ाई-लिखाई को लेकर आपको थोड़ा ध्यान देना होगा।

### तुला
आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में उलझनों से भरा रहने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। छोटे बच्चों को आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए इन्कम के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। आप यदि किसी काम में हाथ डालेंगे, तो उसमे आपको सफलता अवश्य मिलेगी और आप अपने बिजनेस को लेकर किसी के साथ पार्टनरशिप ना करें।

### धनु
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घर-परिवार में सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

### मकर
आज का दिन आपके लिए पेंडिंग पड़े कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपके किसी नई नौकरी के प्रयास बेहतर रहेंगे और माताजी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन आपको अपने आसपास रह रहे।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपकी सुख-समृद्धि बढने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने कामों को लेकर थोड़ा ध्यान देंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आप धार्मिक कामों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे और जीवनसाथी के साथ आप किसी रोमांटिक डेट पर जाने की योजना बना सकते हैं।

# देवली शहर में चाइनीज़ मांझे की चपेट में आने से बालिका हुई गंभीर रूप से घायल

## टोंक जिला कलेक्टर के आदेशों की पालना करवाने में उपखंड अधिकारी बरत रही लापरवाही

**एक सप्ताह पूर्व चाइनीज मांझे के विरुद्ध पालिका की ओर से की गई थी खानापूर्ति भरी करवाई**

**बालिका के जीवन पर हुआ वार किसको ठहराया जाये इसका जिम्मेदार.?**



बढ़ता राजस्थान

देवली ( गोविंद सिंह सेठी )। रविवार को मामला यह सामने आया कि शनिवार को चाइनीज मांजे की चपेट में आने से एक बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। चाइनीज मांझे से बालिका का चेहरा इस कदर जख्मी हो गया की बालिका के चेहरे पर आए जख्मों को भरने में कई महीने लग सकते हैं। तो वही इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसका जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को ठहराया है। वह इसलिए की केंद्र सरकार और राज्य सरकार के निर्देश पर टोंक जिला कलेक्टर ने जिले भर में चाइनीज मांजे की बिक्री पर रोक लगाई हुई है। लेकिन इसके बावजूद देवली शहर में चाइनीज मांझा बे रोकटोक धड़ल्ले से बिक रहा है। टोंक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने अभी हाल ही में मकर संक्रांति त्योहार को देखते हुए पहले से चाइनीज मांझे की बिक्री को रोकने के लिए आदेश जारी किए हुऐ है। इसकी पालना यहां उपखंड अधिकारी और पालिका के अधिशासी अधिकारी और थाना प्रभारी को करवानी थी। इस पर कार्रवाई करने के निर्देश उपखंड अधिकारी रूबी अंसार और नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को प्राप्त है। इसके बावजूद यहां चाइनीस मांझा शहर भर में धड़ल्ले से बिक रहा है। इसका मुख्य कारण है कि जिला कलेक्टर के आदेशों की पालना यहां नहीं हो रही है। यहां देखने वाली बात तो यह है कि जिला कलेक्टर के आदेशों की पालना करवाने वाले उक्त स्थानीय अधिकारियों की मौजूदगी के बीच पतंग डोर व्यापारी खुलेआम बेखौफ रहते हुए प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेच रहे हैं। ऐसे में जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में एक सप्ताह पहले पालिका के कर्मचारियों ने चाइनीज माझे के विरुद्ध महज खानापूर्ति भरी करवाई जरूर की थी। इस पर यहां लोगों का मानना है कि अगर नगर पालिका की ओर से या पुलिस प्रशासन की ओर से शहर में बिक रहे चाइनीझ मांजे के विरुद्ध अगर कोई ठोस कार्रवाई की गई होती तो आज देवली शहर की बालिका का चेहरा गंभीर रूप से घायल नहीं होता। मामला यह है कि विवेकानंद कॉलोनी रामदेव बाबा मंदिर के पास रहने वाली एक बालिका जो कि कोटा रोड से होते हुए अपने घर को आ रही थी। इस दौरान रास्ते मे ही चाइनीज़ मांझे की धारदार डोर की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बालिका के गाल व नाक बुरी तरह कट गया। इस दौरान लोगों ने बालिका को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया । गनीमत ये रही कि मांझा गले मे नही उलझा अन्यथा स्थिति बहुत गंभीर हो सकती थी। उल्लेखनीय है की जिला कलेक्टर के आदेश के बाद मीडिया की खबरें प्रकाशित होने के पश्चात शहर में चाइनीझ मांझे पर कार्रवाई तो हुई मगर वह केवल दिखावे तक ही सिमित रही। गौरतलब है कि यहां पुलिस थाने के ठीक सामने गांधी पार्क वाली गली में और शहर के मुख्य बाजार में चाइनीज़ मांझे की खेप का खुलेआम व्यापार चल रहा है, यहां थोक के स्तर पर हो रही चाइनीज मांझे की बिक्री की जानकारी उपखंड अधिकारी रूबी अनुसार पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा थाना प्रभारी दौलत राम गुर्जर को बखूबी प्राप्त है। ऐसे हालातो की जानकारी मीडिया द्वारा उक्त अधिकारियों को कई मर्तबा दी गई। इसके बावजूद यहां प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बिकता चला जा रहा है।

## देवली अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष बने पांचू लाल



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां अम्बेडकर विचार मंच समिति के चुनाव.सर्वसम्मति से संपन्न हुए अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में पांचू लाल मीणा को सर्व समिति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके निववर्तमान अध्यक्ष राजबहादुर वर्मा ने शहर के डाक बंगले में चल रही बैठक में माला पहनाकर पंचू लाल मीणा को मंच की जिम्मेदारी सोपी और कार्यभार सभलाया है। इस मौके पर अध्यक्ष पंचू लाल ने अंबेडकर मंच. के अन्य पदों की नवनियुक्त जल्द. ही करने की घोषणा. की है। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष पांचू लाल मीणा को अम्बेडकर विचार मंच सदस्यों ने बधाई भी प्रेषित की। इस बैठक में चुनाव अधिकारी बन्ना लाल, राजबहादुर, शिवजी राम प्रतिहार, सुरेंद्र बैरवा,साबू लाल बड़ौली, रजनीश सुवालका, शंकर हाड़ा, रविशंकर, दिलखुश टाटावत, सुरेश,बाबू लाल,यादराम,प्रेम लाल, राजू,ललित चौहान, प्रकाश चंद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे है ।

## नो कमेंटः शिक्षा विभाग की बड़ी चूक, मौत के 2 माह बाद कर दिया व्याख्याता का तबादला; नाम देख रो पड़े परिजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/करौली(राकेश शर्मा)।** राजस्थान शिक्षा विभाग की बड़ी चूक सामने आई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से गत दिवस बड़ी संख्या किए स्कूल व्याख्याताओं के तबादलों में 2 माह पहले मृत एक व्याख्याता का भी स्थानांतरण कर दिया गया। मृत व्याख्याता का करौली जिले के हिण्डौन से धौलपुर जिले में तबादला किया गया है। शिक्षा विभाग की सूची में व्याख्याता रहे संतराज माली का नाम देखकर एक बार फिर परिजनों की आंखें नम हो गई।

**तबादला सूची में त्रुटि चर्चा का विषय :** शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से 9 जनवरी को इतिहास विषय के व्याख्याताओं की 'जंबो' तबादला सूची जारी की थी। संस्थान प्रधानों ने अपने विद्यालयों में तबादला हो जाने व आने वालों की जानकारी के लिए सूची खंगाली तो दो माह पहले मृत हुए व्याख्याता संतराज माली का नाम देखकर चकित रह गए। सूची में संतराज माली का हिण्डौन पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से धौलपुर जिले के गांव सिलावत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तबादला किया है। तबादला सूची में त्रुटि को लेकर शिक्षकों में दिनभर चर्चा रही। गौरतलब है कि व्याख्याता संतराज माली का नवम्बर माह में निधन हो गया था।

**बीच सत्र में फिर हुए शिक्षा विभाग के बड़े तबादले :** हाल ही में अदालत ने शिक्षा विभाग में बीच सत्र में किए गए स्थानांतरणों पर तल्ख टिप्पणी की थी। लेकिन सरकार ने इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया और शुक्रवार को व्याख्याताओं की तबादला सूची जारी कर दी। गुरुवार रात उप प्राचार्य और उप जिला शिक्षा अधिकारियों (शारीरिक शिक्षा) के स्थानांतरण किए गए थे।

## अवैध मादक पदार्थ रखने का एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** स्थानीय पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एक जने को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 546 ग्राम अवैध मादक गांजा जब्त किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर गश्त के दौरान वनस्थली रोड पर स्थित राधास्वामी सतसंग आश्रम के पास से आरोपी दयाराम पुत्र प्रहलाद सांसी निवासी कैथूनिया उर्फ अहमदपुरा सासीयों की ढाणी को डिटेन कर तलाशी ली गई तो उसके पास 546 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार करके 546 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया भजन संकीर्तन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** 12 ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमेश्वर के प्रति अटूट आस्था एवं अविस्मरणीय बलिदान के 1 हजार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कई धर्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया। भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर पेट्रोल पम्प वाले बालाजी के भोलेनाथ मंदिर में भाजपा शहर मंडल एवं बालाजी भक्त मंडली के संयुक्त तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ की फूल मालाओं से आकर्षक झांकी सजाकर मंदिर में ओंकार मंत्र, रामधुनी, सुंदर कांड के पाठ सहित भजन संकीर्तन किया। इस अवसर पर भाजपा शहर महामंत्री डॉ. जयनारायण कुमावत, अक्षय शर्मा, गोविन्द शर्मा, राहुल जांगिड़, गोलू जांगिड़, रमेश सैनी, बद्री जांगिड़, राजेन्द्र, रामधन चौधरी, छीतर कुमावत, गणेश सैनी, बद्री मीणा, प्रकाश सैनी, रमेश शर्मा, पवन साहू, शोराज यादव, बनवारीलाल यादव, डॉ गीता कुमावत, उमा व सन्तोष सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा

## भावनात्मक बुद्धि के विकास और नकारात्मकता छोड़ने से ही पारिवारिक तनाव मुक्ति संभव -मुनि अर्हत कुमार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** पारिवारिक तनाव आज की जटिलतम समस्या बनकर उभर रही है। टूटते रिश्ते,बढ़ती आत्महत्याएं, पारिवारिक अलगाव से हर कोई आक्रांत है। आपसी समझ की कमी, भौतिक वादी जीवन शैली, निजी स्वार्थ, बढ़ती अपेक्षाएं, मोबाइल क्रांति, जीवन मूल्यों में बदलाव, आपसी विश्वास की टूटन, मानसिक अस्वस्थता जैसे कारणों से परिवार बिखर रहे है। उक्त विचार युगप्रधान आचार्य महाश्रमण के विद्वान सुशिष्य मुनि अर्हत कुमार ने श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा मंडी रोड आवासन मंडल द्वारा आयोजित टूटते रिश्ते बिखरते परिवारः कारण और निवारण विषयक संगोष्ठी में जन मेदिनी के समक्ष दुर्ग पैलेस गार्डन में व्यक्त किए। उक्त जानकारी देते हुए तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अनिल जैन एडवोकेट व मंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि मुनि ने पारिवारिक बिखराव को रोकने के लिए खुली और ईमानदार बातचीत, भावनात्मक बुद्धि को बढ़ावा देने, परिवार को अधिक समय देने, क्षमा और करुणा जैसे मूल्यों को जीवन में स्थान देने, स्पष्ट सीमाएं निर्धारित करने, अतीत से सीखने, पारंपरिक मूल्यों को समझने, साधु साध्वियों से निरंतर संपर्क बढ़ाने जैसे निवारक कारणों की विस्तृत जानकारी दी। मुनि जयदीप कुमार ने पारिवारिक बिखराव को रोकने और समरसता को बढ़ावा देने वाले सूत्र प्रदान किए व



सुमधुर गीतिका द्वारा उद्बोधित किया। मुनि भरत कुमार ने दंपत्तियों के मध्य बढ़ते विभेदों को रेखांकित करते हुए नकारात्मक चिंतन से दूर रहकर विधायी चिंतन को जीवन में स्थान देने की महत्वपूर्ण प्रेरणा दी । इससे पूर्व तेरापंथ महिला मंडल की बहिनों द्वारा गीतिका के माध्यम से मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। तेरापंथ कन्या मंडल आदर्श नगर की कन्याओं ने विषय आधारित प्रेरणादाई नाटिका की प्रस्तुति दी। स्थानीय सभा द्वारा अतिथिगण का पारंपरिक तरीके से दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया।

## 70 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त जब्त,दो गिरफ्तार

### जब्त डोडा पोस्त की कीमत लगभग 31 लाख रूपए

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जिला स्पेशल टीम व बरोनी पुलिस ने बरोनी थाना क्षेत्र में नशे के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए एनएच 52 पर ट्रक से करीब 70 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त जब्त किया है। जिसके दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डोडा पोस्त की अन्तराष्ट्रीय बाजार की कीमत लगभग 11 लाख रूपये व जब्त डोडा पोस्त की कुल कीमत लगभग 31 लाख रूपए है। जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश एवं पुलिस उपनिरीक्षक नूर मोहम्मद ने बताया कि गठित टीम द्वारा एनएच 52 पर सुनियोजित तरीके से जिला स्पेशल टीम द्वारा कोटा की और से आ रहे ट्रक को बरोनी के पास नाकाबन्दी करके रूकवाया। ट्रक को रूकवाकर ट्रक चालक व ट्रक से एक अन्य व्यक्ति को डिटने किया तथा अवैध रूप से परिवहन



किये जा रहे करीबन 70 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त को जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपी जावरा एमपी से ट्रक में भरे हुए चने की दाल के कट्टों के बीच में अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त को छुपाकर होशियारपुर पंजाब ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि यह माल एमपी से झालावाड, कोटा, बून्दी होते हुए जयपुर के रास्ते से पंजाब ले जाया जाना था। पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह सैनी निवासी मूण्डिया कला पुलिसथाना जमालपुर जिला लूधियाना पंजाब एवं गुरूप्रीत सिंह पुत्र दिलबिन्दर पाल रविदासीय निवासी गोलिया थाना गढशंकर जिला होशियारपुर पंजाब को गिरफ्तार किया है।

### कर्मचारी महासंघ की आक्रोश रैली आज

## कर्मचारी महासंघ की आक्रोश रैली में शामिल होंगे पंचायत शिक्षक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राज्य सरकार की कर्मचारियों के प्रति विरोधाभासी नीतियों को लेकर कर्मचारी महासंघ द्वारा 12 जनवरी को जयपुर में आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें टोंक जिले के सैंकड़ों कर्मचारी रामनिवास बाग जयपुर में एकत्रित होकर सिविल लाइन मुख्यमंत्री आवास तक आक्रोश रैली निकालेंगे।

पंचायत शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि सरकार की कर्मचारियों के प्रति विरोधाभास नीतियों को लेकर टोंक जिले के पंचायत शिक्षक जिलाध्यक्ष अनिल मिश्रा के नेतृत्व में आक्रोश रैली में शामिल होंगे।

जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्मल शर्मा, हरितिमा पारिक, कुलदीप खंगार, मदन मीणा, गोविंद तिवारी, मणिशंकर पारीक व दिनेश जांगिड़ सहित सभी पंचायत शिक्षक मौजूद थे।

## भगवान देवनारायण मंदिर में ट्रस्ट अब धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी नवाचार करेगा- नरेश गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** देवधाम जोधपुरिया में भगवान देवनारायण के मंदिर में ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गुर्जर की अध्यक्षता में दानपात्र खोले गए। दानपात्रों से कुल 9 लाख 52 हजार 550 रुपए की राशि प्राप्त हुई है। जिसे कोषाध्यक्ष द्वारा मंदिर ट्रस्ट के बैंक खाते में जमा करवा दिया गया। ट्रस्ट महामंत्री रतनदीप गुर्जर एवं कोषाध्यक्ष जगदीश बोकण ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों के समक्ष मंदिर ट्रस्ट की आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि दान की राशि का उपयोग मंदिर विकास, धार्मिक आयोजनों एवं सामाजिक कार्यों में पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश गुर्जर ने कहा कि आगामी मेले को लेकर सभी

**दानपात्र खोले, मिले 9.52 लाख रूपए**



समाज के लोगों के सुझाव व विचार आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले लक्खी मेले को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रत्येक महीने में सार्वजनिक किया जाएगा, जिससे लोगों को कितनी राशि प्राप्त हुई और कितना खर्च हुआ है की जानकारी रहेगी। नरेश गुर्जर ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट अब धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी नवाचार करेगा। ट्रस्ट को धर्म के साथ शिक्षा से जोड़ा जाएगा और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर मंदिर के विकास कार्य किए जाएंगे। दानपात्र खोलने के दौरान भूणाराम गुर्जर, सीताराम छावड़ी, आरड़ी गुर्जर, मनफूल पटेल, बद्री डॉक्टर, देवलाल, रामधन जगतपुरा, गोपी डीलर, राजाराम हरभांवता, श्रवण सेदरिया, सुरेश कसाणा, जयनारायण कसाणा, लालाराम सरपंच, श्रवण चौहान, महंत श्रवण दास, लालाराम नेकाड़ी व घासी भोपा सहित कई पदाधिकारी व श्रद्धालु मौजूद थे।

## पुनर्गठनः शिक्षा विभाग में बड़ा बदलाव, एक झटके में खत्म कर दिए 943 पद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग के पदों का पुनर्गठन करते हुए कनिष्ठ सहायक (पूर्व पदनाम एलडीसी) के करीब एक हजार पद समाप्त कर दिए हैं। पद पुनर्गठन की प्रक्रिया में माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा दोनों विभाग शामिल रहे। मंत्रालयिक संवर्ग में कनिष्ठ सहायक से लेकर संस्थापन अधिकारी तक के पदों को इस पुनर्गठन में सम्मिलित किया गया है। री-स्ट्रक्चरिंग के तहत कनिष्ठ सहायक के सर्वाधिक 943 पद घटाए गए, जबकि उच्चतर कैडर के पदों में वृद्धि की गई। इसमें अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के सबसे अधिक 412 पद बढ़ाए गए हैं। हालांकि कुल मंत्रालयिक पदों की संख्या में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है और यह संख्या पूर्ववत 27041 ही रखी गई है।




**कनिष्ठ सहायक की अधिकतम कटौती**

वित्त विभाग की संयुक्त शासन सचिव डॉ. भारती दीक्षित द्वारा जारी आदेशानुसार पुनर्गठन में केवल कनिष्ठ सहायक के पदों में कटौती की गई है। इनके विभाग में स्वीकृत कुल 12814 पदों में से 943 पद समाप्त कर दिए गए, जिससे यह संख्या घटकर 11871 रह गई।

**विभागवार इस तरह बंटवारा**

पुनर्गठन के बाद राज्य सरकार ने माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा विभाग में संवर्गवार पदों का विभाजन निर्धारित किया है। इसके अनुसार माध्यमिक एवं प्रारंभिक विभाग में क्रमशः कनिष्ठ सहायक के 893 और 50 पद समाप्त किए गए। वहीं माध्यमिक शिक्षा में संस्थापन अधिकारी के 99, प्रशासनिक अधिकारी के 153, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के 410, सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 197 और वरिष्ठ सहायक के 34 पद बढ़ाए गए। प्रारंभिक विभाग में क्रमशः 3, 11, 2, 34 और शून्य पदों की वृद्धि की गई।

**स्वत : विलोपित होंगे पद**

आदेशानुसार पुनर्गठन 14 अक्टूबर 2025 से प्रभावी किया गया है। इसके तहत सृजित पदों से अधिक संख्या में कार्यरत कार्मिक होने की स्थिति में अतिरिक्त पदों को स्थायी रूप से सृजित माना जाएगा। ऐसे कार्मिकों की पदोन्नति, सेवानिवृत्ति या स्थानांतरण पर पद रिक्त होते ही अस्थायी रूप से सृजित पद स्वयं विलोपित माने जाएंगे। कनिष्ठ सहायक के पदों में कटौती का शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ राजस्थान ने विरोध किया है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि कनिष्ठ सहायक विभागीय प्रशासन की आधारशिला हैं। इनके पदों में कमी से विभाग के कार्य प्रभावित होंगे। पीईईओ स्तर पर एलडीसी की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहती है। संघ ने मांग की है कि कार्यालयों में शैक्षिक संवर्ग के पदों को प्रशासनिक कार्यों से अलग कर मंत्रालयिक संवर्ग के अधिकारियों से ही कराए जाएं।

**इनका कहना है**

पुनर्गठन में कनिष्ठ सहायक के पदों की कटौती से विभागीय कार्य प्रभावित होगा। इससे भविष्य में इन पदों की भर्ती भी संभव नहीं हो सकेगी। अधिकारी केवल फाइलों का मूवमेंट करते हैं, जबकि वास्तविक काम नीचे के स्तर पर एलडीसी करते हैं। सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

**कमल नारायण आचार्य, प्रदेशाध्यक्ष, शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ, राजस्थान (बीकानेर)**

# गरीब, मजदूर व किसान के हक की लड़ाई में कांग्रेस मजबूती से खड़ी है - इन्द्राज गुर्जर

## जिला कांग्रेस कमेटी का एक दिवसीय सांकेतिक उपवास

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के राष्ट्रव्यापी महाविरोध प्रदर्शन मनरेगा बचाओ महासंग्राम के अन्तर्गत राजस्थान प्रदेश काँग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोटपूतली-बहरोड़ अध्यक्ष इंद्राज सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय कोटपूतली पर रविवार को एक दिवसीय सांकेतिक उपवास रखा गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लाई जा रही तथा कथित वीबी एंड जी रैम योजना, मनरेगा को कमजोर करने और गरीबों के संवैधानिक अधिकार छीनने का प्रयास है। नाम बदलने से ना तो रोजग़ार बढ़ेगा और ना ही मजदूरों की जेब भरेगी, बल्कि इससे जवाबदेही खत्म होगी और मजदूर वर्ग को हाशिये पर धकेला जायेगा। काँग्रेस पार्टी मनरेगा को




कमजोर करने के किसी भी प्रयास को कभी स्वीकार नहीं करेगी। इस जन विरोधी निर्णय के खिलाफ सदन से लेकर सडक़ तक, गांव-गांव व ढ़ाणी-ढ़ाणी कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। गरीब, मजदूर व किसान के हक की इस लड़ाई में कांग्रेस मजबूती से खड़ी है। जिलाध्यक्ष ने स्थानीय मुद्दों पर भी प्रदेश की भाजपा सरकार के साथ-साथ स्थानीय शासन प्रशासन को घेरते हुये कहा कि आजादी के 77 साल में ऐसा भ्रष्ट, निकम्मा शासन नहीं देखा। जिले में चारों तरफ अराजकता का माहौल है, राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह गुर्जर ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के नाम से चल रही योजना महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को कमजोर करने, महात्मा गाँधी के नाम को दुर्भावनापूर्ण ढ़ंग से हटाने और रोजगार की गारंटी खत्म करने की साजिश को बेनकाब करते हुये कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की डबल ईंजन सरकार द्वारा राष्ट्रीय महापुरुषों के नाम से चल रही योजनाओं के नाम, रूप, प्रारूप, उदेश्य और उनकी सार्थकता को आरएसएस के छुपे हुये एजेंडे के तहत खत्म किया जा रहा है। नये कानून से गरीब, मजदूर, किसान, दलित, अति पिछड़े, पिछड़े, अल्पसंख्यक, बेरोजगार व महिलाओं पर पडने वाले दुष्प्रभावों के विषय में आमजनता को जागरूक कर डबल ईंजन की नकारा, निकम्मी, भ्रष्ट, कामचोर सरकार को पूरी तरह से बेनकाब किया। संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि गाँधी के प्रिय भजन ''रघुपति राघव राजा राम'' राम धुनी के बीच चले एक दिवसीय सांकेतिक उपवास में पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरुप कसाणा, पूर्व विधायक बलजीत यादव, बहरोड़ से कांग्रेस प्रत्याशी रहे संजय यादव, डॉ. आर. सी. यादव, पीसीसी महासचिव देव कसाणा, सचिव जगदीश मीना, उपाध्यक्ष (ओबीसी) रामनिवास यादव, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, पीसीसी मेम्बर के जी कौषिक, कृष्ण सूद, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप कसाना, युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेष रावत, पावटा ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव, समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नववर्ष-लोहड़ी व मकर संक्रान्ति के पर्व पर कड़ी कचोरी के प्रसाद का किया वितरण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम नवयुवक मंडल विवेकानन्द चौक अलवर के तत्वाधान में रविवार को नववर्षए लोहड़ी व मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर कड़ी कचोरी के प्रसाद का वितरण किया गया। मंडल के प्रवक्ता जितेंद्र सेतिया ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा,आशीर्वाद और मंडल के सभी सदस्यों के सहयोग से श्री श्याम नवयुवक मंडल के तत्वधान में रविवार को लोहड़ी व मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर अशोका टाकीज विवेकानंद चौक पर मंडल के सभी सदस्यों द्वारा बाबा श्याम की आरती की गई उपरांत भोग लगाकर सुबह 10 बजे से कड़ी कचोरी के प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यो का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ । काफी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मण्डल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानंद जी के समक्ष सम्पन्न हुआ दीपयज्ञ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की शाखा अलवर के युवा प्रकोष्ठ के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती का दिनांक 11 जनवरी 2026 से दो दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।जिसमें सुबह विवेकानंद चौक स्थित स्वामी जी की प्रतिमा स्थल की युवा मंडल के सदस्यों के द्वारा साफ सफाई की गई । इसके पश्चात रविवार शाम 4.00 बजे गायत्री परिवार के महिला मंडल एवं प्रज्ञा मंडल तथा युवा मंडल के माध्यम से भव्य दीप यज्ञ कर स्वामी जी के समक्ष दीपक 164 प्रज्वलित किए गए । आयोजन में उपजोन अलवर समन्वयक दिनेश गुप्ता जी सहायक प्रबंधक ट्रस्टी मुरारी लाल शर्मा एवं महेश चंद्र शर्मा तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश प्रसाद गुप्ता एवं ज्ञानेंद्र प्रकाश शर्मा ,भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संयोजक राधा रमन विजय एवं युवा मंडल के जिला संयोजकजितेंद्र यादव सहित अनेक लोग ने दीपयज्ञ में भाग लिया । कार्यक्रम में नौजवानों उठो वक्त यह कह रहा खुद को बदलो जमाना बदल जाएगा तथा मनुज देवता बने बने यह धरती स्वर्ग समान आदि प्रेरणास्पद गीत सुनाए गए। मुख्य वक्ता के रूप मेंजगदीश प्रसाद गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं संस्कारशाला प्रकोष्ठ की ममता गुप्ता ने स्वामी जी के जीवन से संबंधित कई मार्मिक एवं प्रेरणास्पद बातें बताई।

### कोटपूतली बहरोड़ जिले के 92 विशेष योग्यजनों ने उठाया लाभ-यादव



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** राजस्थान प्रदेश के जिला अलवर मुख्यालय पर कार्यरत अशोका फाउंडेशन अलवर द्वारा विशेष योग्यजनों के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में कोटपूतली बहरोड़ जिला क्षेत्र के 92विशेष योग्यजनों ने लाभ उठाया।सक्षम के कोटपूतली बहरोड़ जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने बताया कि यह शिविर जैन वाटिका अलवर में लगाया गया था। जिसमें दिव्यांगो एवं जरुरतमंद विशेष योग्यजनों ने कृत्रिम उपांग प्राप्त किए।कोटपूतली बहरोड़ जिले के समस्त विशेष योग्यजनों को लाने व ले जाने की व्यवस्था शाहपुर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि भामाशाह व समाजसेवी संदीप यादव ने की।इस मौके पर उपस्थित विशेष योग्यजनों,अशोका फाउंडेशन व सक्षम के कोटपूतली बहरोड़ जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने संदीप यादव का आभार जताया।वहीं जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने अशोका फाउंडेशन व संदीप यादव का आभार जताते हुए कहा कि भामाशाहों द्वारा ही देश की सेवा की गईं है। हमारा संगठन अशोका फाउंडेशन अलवर व भामाशाह व समाजसेवी पूर्व सरपंच प्रतिनिधि का आभार व्यक्त करता है।

### पाँच-लोगों के अतिक्रमण की वज़ह से हजारों लोग परेशान-दायमा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर उपखण्ड क्षेत्र के गाँव गढ़ी,बासभूरिया,लादूवास और मालेरा गाँव के लिए निर्मित होने वाली सडक़ निर्माण के बाधित होने से हजारों ग्रामीण परेशान हैं।वहीं ग्रामीणों ने युवा कांग्रेस नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में आंदोलन,धरना प्रदर्शन की प्रशासन को चेतावनी दी। दायमा ने कहा कि पाँच-दस लोगों की वज़ह से अनेक गाँवों के हजारों ग्रामीण परेशानी का सामना कर रहे हैं जो घोर अंधेरगर्दी है। हम सब यह बर्दास्त नहीं करेंगे!यदि उनकी आबादी क्षेत्र की जमीन है या वैसी है यदि उन्हें मुआवजा देकर भी हजारों लोगों के आवागमन के रास्ते पर सडक़ निर्माण होता है तो प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। यदि समय रहते मानकों के आधार पर सडक़ निर्माण नहीं हुआ तो ग्रामीण मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार की होगी।

### कोटपूतली में सत्संग एवं रहानी कार्यक्रम श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय सतगुरु धाम में पूज्य महाराज बिरेंद्र सिंह जी (डेरा जगमालवाली सिरसा) के पावन सानिध्य में आयोजित सत्संग एवं रहानी कार्यक्रम रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में संगत ने शिरकत कर गुरु महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम के दौरान सतगुरु महाराज ने अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने और मानवता की सेवा करने का संदेश दिया।

### सिंधी समाज के भोपाल में आयोजित विश्व सिंधी सम्मेलन

## सुरेश कुमार थदानी छठी बार अंतर्राष्ट्रीय सचिव बने

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। विश्व के सिंधी समुदाय को एक सूत्र में पिरो कर उनके संस्कृतिक, सभ्यता, भाषा, विरासत तथा विकास के सोपान तय करने के उद्देश्य से 09, 10, 11 जनवरी 2026 को विश्व सिंधी सेवा संगम के द्वारा ताज लेक फ्रट, भोपाल में आयोजित विश्व सिंधी सम्मेलन मे अलवर की विभिन्न सामाजिकए शैक्षनिकए धार्मिकए व्यापारिक संस्थाओं से जुडे सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार थदानी को लगातार छठी बार अंतर्राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। इस अवसर पर थदानी को संत शिरोमणि राजेश लाल साहब ऐवम गुजरात सरकार की पूर्व मंत्री डॉक्टर निर्मला वाधवानी द्वारा सम्मनित किया गया। सम्मेलन में भारत एवं विश्व के विभिन देशो



के प्रतिनिधियों सहित संस्थापक अध्यक्ष गोपाल सजनानी, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजू मनवानी, अंतरराष्ट्रीय कोशाध्यक्ष उषा सजनानी, महिला अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष भारती छाबरिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप थारवानी, संत शिरोमणि युथिष्ठर लाल साहब, संत शिरोमणि राजेश लाल साहब, किशोर अजवानी, पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा, महाभारत सिरियल के गुरु द्रोणाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह, सिंधी समाज के संतो, उद्योगपतियों, कालाकारों, फिल्म जगत की हस्तियों, हास्य कलाकारों, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारो, गायको, सामाजिक, संस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक हस्तियो, प्रशास्निक अधिकारीयो, समाज सेवा से जुड़े लोगो ने भाग लिया। सांसद शंकर लालवानी, मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व केंद्रीय मंत्री शहनवाज हुसैन, विधायक भगवान दास सबनानी, पूर्व मंत्री महाराष्ट्र सरकार गुरुमुख जगवाणी, पूर्व मंत्री गुजरात सरकार डॉक्टर निर्मला वाधवानी, पूर्व विधायक रायपुर श्रीचंद सुंद्रानी ने भाग लिया।

## अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के चुनाव संपन्न, नई कार्यकारिणी निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के चुनाव दिनांक 11 जनवरी को जय कृष्णा क्लब, अलवर में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद पर दिनेश भार्गव, सचिव पद पर देवेंद्र सिंह रावत तथा कोषाध्यक्ष पद पर विनीत जुनेजा निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर साधना शर्मा, दीपक गर्ग, महावीर प्रसाद राजोरिया एवं राकेश शर्मा चुने गए। संयुक्त सचिव विशन कालरा, संजय शुक्ला, भूपेंद्र सिंह राठौड़ एवं विकास शर्मा निर्वाचित हुए।



कार्यकारी सदस्य पद पर त्रिलोक टोंगडा एवं अमिताभ शर्मा को निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान मुक्केबाजी संगठन के अध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी एवं सचिव नरेंद्र कुमार निर्माण, क्षेत्रीय खेलकूद परिषद से पर्यवेक्षक जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा तथा जिला ओलंपिक संघ से पर्यवेक्षक पन्ना सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ने नवनिर्वाचित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और सभी को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

## नारायण सेवा संस्थान, का मकर संक्रान्ति पर्व पर लगेगा शिविर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नारायण सेवा संस्थान, शाखा अलवर द्वारा हर वर्ष की भांति मकर संक्रांति को दान-पुण्य के महापर्व पर शिविर आयोजित किया जाएगा। नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा-दिव्यांगजनों के निःशुल्क ऑपरेशन एवं असहाय व गरीब लोगों के निःशुल्क- हार्ट के ऑपरेशन एवं गम्भीर बिमारी का निःशुल्क इलाज एवं अंगविहीन भाई- बहन जिन्होंने अपने अंग किसी दुर्घटना में खो दिए हैं उन्हें- निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान करना जैसे पुनीत कार्य में सहायतार्थ-मकर संक्रांति को दान- पुण्य के महापर्व पर भामाशाह एवं दानदाताओं द्वारा संस्थान को सहयोग हेतु दान संग्रह शिविर दिनांक 14 जनवरी बुधवार प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक अलवर में होप सर्कस पर लगाया जायेगा। शिविर में सभी भामाशाह एवं दान दाताओं का सम्मान किया जाएगा। एवं दिव्यांगजनों का नि;शुल्क ऑपरेशन एवं गरीब (हार्ट पेशेंट) का निःशुल्क हार्ट का ऑपरेशन एवं असहाय लोग जो गंभीर बीमारियों से पीडित्त अपना इलाज करवाने मे सक्षम नहीं है। उनकी मदद के लिए, एवं अंगविहीन जनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग हेतु रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए प्रार्थी को दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र एवं आधार-कार्ड दोनों की फोटो कॉपी एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

## सर्व समाज हेल्प टीम की मासिक बैठक आयोजित आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** सर्व समाज हेल्प टीम की बैठक रविवार को कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें मानवता और सेवा के संकल्प को दोहराते हुए सर्व समाज हेल्प टीम समिति, राजगढ़ की मासिक बैठक का आयोजन महेन्द्र मीना की अध्यक्षता में किया गया। टीम सदस्य राकेश सुलानिया व सुनील भाकरी ने बताया कि बैठक में पिछले माह के कार्यों की समीक्षा की और भविष्य की सेवा गतिविधियों के लिए आगामी रूपरेखा तैयार की। वहीं पिछले महीने 300 बच्चों को चरण पादुका पहनाईं गई उनका विवरण प्रस्तुत




किया गया। दुसरी ओर आगामी दिनों में शिक्षा,स्वास्थ्य और असहाय लोगों की मदद के लिए नए सेवा प्रोजेक्ट्स शुरू करने पर विचार-विमर्श हुआ। स्थानीय स्तर पर व्याप्त सामाजिक समस्याओं को चिह्नित कर उनके निराकरण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। शैतान भाकरी, प्रमोद सैनी सकट ने बताया की हमारा उद्देश्य राजनीति से ऊपर उठकर केवल सेवा भाव के साथ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक मदद पहुँचाना है। बैठक में समिति के प्रमुख पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिन्होंने अपने-अपने सुझाव साझा किए। बैठक के दौरान टीम कार्यवाहक अध्यक्ष महेन्द्र मीना,उपाध्यक्ष शैतान भांकरी,कोषाध्यक्ष प्रमोद सैनी सकट,सह संयोजक सुनिल भांकरी,राकेश सुलानिया सुरेर, हरिकिशन, रमेश गुरुजी,राजेश कोठी नारायणपुर प्रकाश सैनी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। मिडिया को खबर प्रकाश भाबला दुब्बी ने के द्वारा दी गई।

# राष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान से शिक्षक दिनेश कुमार सैनी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला के शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को राष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान 2026 से उत्तरप्रदेश के बरेली जिले में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. महेंद्र देव रहे और विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण कुमार वन और पर्यावरण मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे। 11 राज्यों से 151 लोगों का चयन राष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान के लिए किया गया। राजस्थान से दो शिक्षकों का चयन किया गया। इनमें एक शिक्षक दिनेश कुमार सैनी का चयन अलवर जिले से किया गया।




शिक्षा के क्षेत्र में किये गए नवाचार के लिए इनका चयन किया गया। इनके द्वारा गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल खेल में शिक्षा और मनोरंजन गतिविधि के द्वारा छोटे बच्चों को शिक्षण करवाया जाता है। जिससे बच्चें अच्छी तरह से सीखते है और रुचि लेकर अपना शिक्षण कार्य करते है। देश के 11 राज्यों के नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया है। इस कार्यक्रम का आयोजन एक गूंज सेवा समिति उत्तर प्रदेश के द्वारा जगपाल सिंह चौहान स्मृति में किया गया। इस समिति के संस्थापक और अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह बन्टी ठाकुर हैं। इनके द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती हैं। कार्यक्रम में देशभर के शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षक दिनेश कुमार के द्वारा एसआईआर के कार्य को राजस्थान मे सबसे पहले किया गया और 2024 में राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इनके नवाचार देशभर में सोशल मीडिया के द्वारा सबसे ज्यादा देखे जाते हैं।

## ब्राह्मण समाज ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के सराय मोहल्ला स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में ब्राह्मण समाज सराय मोहल्ला इकाई द्वारा एक विशेष स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोटपूतली बार एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा (एडवोकेट) और जयसिंह गौशाला के नवनियुक्त उपाध्यक्ष जुगल किशोर शर्मा के सम्मान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे समाज के बंधुओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर और साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। समाज के वक्ताओं ने बजरंग लाल शर्मा की बार एसोसिएशन में जीत को गौरव का विषय बताया और गौशाला के विकास में जुगल किशोर शर्मा के योगदान की सराहना की।इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा (अध्यक्ष,ब्राह्मण समाजसरायमोहल्ला) ओमप्रकाश सारस्वत (उपाध्यक्ष,सुनील शर्मा (कोषाध्यक्ष)ललित शर्मा (एडवोकेट)दिनेश कौशिक (एडवोकेट)बजरंग लाल शर्मा, सुनील शर्मा, पवन पारीक, केदार शर्मा, गोपाल शर्मा, आशुतोष सारस्वत, नीरज अवस्थी, सौरभ अवस्थी सहित समाज के अन्य प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## राजपूत समाज कोटा का नव वर्ष मिलन समारोह संपन्न, 16 विधवाओं को पेंशन सहायता



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** संगठन में शक्ति राजपूत समाज कोटा द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह डीसीएम रोड, कंसुआ स्थित मैरिज गार्डन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह का उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, संगठनात्मक एकता और सेवा भावना को सशक्त करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोजक रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश ने कहा कि नव वर्ष मिलन केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को संगठित करने और जरूरतमंदों की सहायता का संकल्प लेने का अवसर है। समाज का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाना है। इसी क्रम में 16 जरूरतमंद विधवा महिलाओं को पेंशन सहायता प्रदान की गई। लोकेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि राजपूत समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता, संस्कार और परस्पर सहयोग है। जरूरतमंद विधवा बहनों को आर्थिक सहयोग देना समाज की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाता है। रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश ने बताया कि इन 16 विधवा महिलाओं को पेंशन की तीसरी किस्त के रूप में 800-800 की राशि ऑनलाइन उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई, जिसमें 300 प्रति लाभार्थी का सहयोग डॉ. प्रदीप सिंह पंवार द्वारा दिया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

## रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस की आर्म्स एक्ट में दोहरी सफलता, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस को दोहरी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौतम (आईपीएस) ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी डॉ. पूनम के सुपरविजन में थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में गठित दो टीमों ने आर्म्स एक्ट के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 10 जनवरी 2026 को टीम-ए ने रंगपुर पुलिया के नीचे मुखबिर की सूचना पर अरुण तेवतिया (31) निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो अवैध जिंदा कारतूस बरामद किए। वहीं टीम-बी ने सरकारी स्कूल भदाना के पीछे से विक्रम सिंह (24) निवासी महावीर कॉलोनी, कोटा को एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस सहित पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर हथियार व कारतूस जब्त किए गए। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।



## 327वें दिन भी जारी रहा जेके सिंथेटिक मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** जेके सिंथेटिक फैक्ट्री के मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान करवाने की मांग को लेकर सीटू के बैनर तले जिला कलेक्ट्रेट पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 327वें दिन भी जारी रहा। धरना 18 फरवरी 2025 से फैक्ट्री की तीनों मजदूर यूनियनों के महामंत्रियों कामरेड हबीब खान, कामरेड उमाशंकर एवं कामरेड नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जारी है। धरने को संबोधित करते हुए मजदूर नेता कामरेड हबीब खान ने कहा कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार जेके सिंथेटिक फैक्ट्री की जमीन अधिग्रहण कर ली है, तो अब मजदूरों के 28 वर्षों से लंबित बकाया वेतन का भुगतान शीघ्र किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि केडीए अधिकारी कोर्ट केस का हवाला देकर मजदूरों को गुमराह कर रहे हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि जमीन अधिग्रहण के साथ मजदूरों का भुगतान किया जाए। मजदूर नेताओं ने कहा कि फैक्ट्री की जमीन की कीमत हजारों करोड़ रुपये है, जबकि मजदूरों का बकाया ब्याज सहित 500 करोड़ रुपये से अधिक बनता है। भुगतान नहीं होने की स्थिति में मजदूरों को आंदोलन तेज करने और फैक्ट्री भूमि पर अधिकार जताने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# मनरेगा का स्वरूप बदलने के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल, गांधी पार्क में दिया एकदिवसीय उपवास

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (नि.स.)।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रविवार को केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोला गया। जिला मुख्यालय स्थित गांधी पार्क में जिला अध्यक्ष महावीर मीणा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकदिवसीय उपवास रखकर अपना विरोध दर्ज कराया।

### गांधीजी का नाम मिटाने का षड्यंत्र- विधायक हरिमोहन शर्मा

उपवास कार्यक्रम के दौरान बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा का नाम और स्वरूप बदलना केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरा षड्यंत्र है। विधायक शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम जन-मानस से मिटाना चाहती है। राजस्थान पर वर्तमान में 6,66,000 करोड़ रुपये का कर्ज है (प्रति व्यक्ति लगभग 1 लाख रुपये)। राज्य सरकार मनरेगा श्रमिकों के 40 प्रतिशत भुगतान की स्थिति में नहीं है, जिससे यह योजना स्वतः ही दम तोड़ देगी। जिला अध्यक्ष महावीर मीणा ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार यह आंदोलन अब गांव-गांव तक पहुंचेगा। कल से 29 जनवरी तक बूंदी जिले की प्रत्येक पंचायत मुख्यालय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान भाजपा सरकार के जनविरोधी निर्णयों को जनता के बीच उजागर किया जाएगा। ग्राम चौपाल और जनसुनवाई के माध्यम से स्थानीय समस्याओं का समाधान खोजने का प्रयास होगा। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। उपवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रघुपति राघव राजा राम जैसे भजनों के माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जताया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण मीणा, लक्ष्मण बेरवा, प्रेम शंकर राठौड़, शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी, मोडूलाल वर्मा, प्रेम शंकर बैरवा, गुड्डू कादरी, संदीप पुरोहित, चर्मेश शर्मा, राजकुमार सैनी, बृजमोहन यादव सहित बाबूलाल वर्मा, इश्तियाक अली, टीकम जैन, मोइनुद्दीन फॉरवर्ड, प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, साबिर खान, सत्यनारायण मीणा, इमरान देशवाली, हारून खान, राजीव लोचन गौतम, शिवम गुर्जर, मदनलाल गुर्जर, राधेश्याम मीणा, गयासुद्दीन भट्टी, गिरिराज मीणा, बालक राम कंजर, रिंकू पठान, यशवंत दाधीच, सैफ अली, रामदेव भाट, शोएब खान और जितू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंडिया बिग्रेस्ट टीवी रियलटी शो के 'इंडिया इज टॉप मोडल सेशन-8 में किड्स केटेगरी ग्रान्ड फिनाली कोटा की बिटिया ने मारी बाजी

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (विनोद गौड़)।** जयपुर में अग्रवाल प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले इंडिया बिग्रेस्ट टीवी रियलटी शो के 'इंडिया इज टॉप मोडल सेशन-8 में किड्स केटेगरी ग्रान्ड फिनाली में कोटा की खुशनिक मीणा को फस्ट रनअप चुना गया। फाइनल राउंड में देशभर की 120 कैंडिडेट शामिल थे। जयपुर के ज्वैलर्स रिसोर्ट में 8 से 10 जनवरी तक इंडिया बिग्रेस्ट टीवी रियलटी शो के 'इंडिया इज टॉप मोडल सेशन-8 का आयोजन हुआ। जिसमें फिटनेस राउंड, टैलेंट राउंड एवं रेंप कैटवॉक हुआ। खुशनिका ने तीनों राउंड में अच्छी परफॉर्मेंस दी। ग्रान्ड फिनाले ने देशभर से करीब 120 कैंडिडेट का चयन हुआ हुआ था। जिसमे खुशनिका ने सब को मात देते हुए खिताब अपने नाम किया।

खुशनिका (9) पुत्री जीतेन्द्र मीणा निवासी सोरल विहार न्यू आकाशवाणी कोटा की रहने वाली है। पिता जितेंद्र मीणा एमबीएस अस्पताल कोटा में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एवं मां ममता मीना नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। खुशनीका दो बहनों में छोटी है जो माला रोड स्थित सेन्ट पोल स्कूल में कक्षा 3 की छात्रा है। जितेंद्र मीणा ने बताया कि बेटी खुशनिका मीणा को 3 साल की उम्र से डांसिंग और कैटवॉक का शौक था। वह सोशल मीडिया पर खुद वीडियो देख कर डांस सीखी। जयपुर में 8 जनवरी से तीन दिवसीय फाइनल फिनाले आयोजित हुआ था। फिटनेस राउंड के बाद टैलेंट राउंड में खुशनिका ने शानदार डांस का परफॉर्मेंस दिया। कैटवॉक राउंड ने खुशनिका को फाइनल रनअप घोषित किया गया। खुशनिक ने यह टाइटल जीत कर कोटा सहित हाड़ौती एवं पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। खुशनिका मीणा की इस कामयाबी से परिवार ही नहीं रिश्तेदार, स्कूल व शहर के लोगों में खुशी की लहर है। कार्यक्रम का प्रसारण एनडीटीवी पर दिखाया जाएगा।

## नववर्ष स्नेह-मिलन समारोह 2026 को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** शहर के अंबेडकर सर्किल प्रांगण में नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में स्नेह-मिलन समारोह के साथ जुड़ो बिधूड़ी से अभियान,तिरंगा यात्रा व मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन सहित विभिन्न कार्यक्रमों पर विचार किया गया। ब्लॉक प्रवक्ता अजय सोनी ने बताया कि इस दौरान नगर के कार्यकर्ताओं ने पूर्व बेगू विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी से फोन पर कॉन्फ्रेंस में बात कर कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर बुनकर,जिला महामंत्री मुन्ना तिवारी,यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकर पुरोहित,हनुमान मिश्रा,सुभाष नंदवाना,नगर प्रवक्ता राजू अंसारी,नगर महासचिव निजाम,भीमराव,पंचमराम,अंसारी पार्षद कय्यूम अब्बासी,गुड्डी मेघवाल,संदीप लोट,रामकुमार लोधी,कपिल देवड़ा,संजय हाडा,दुर्गा माली,परमजीत ढिल्लो,नारायण नागोड़ा,रिंकू चौधरी,किशन चारण,अनस रंगरेज,राजू बंजारा,ब्रह्म गुर्जर,रमेश गहलोत,बजरंग धाकड़,कमल किशोर मेहर,रफीक मंसूरी,दीपेश गुप्ता,रणजीत देवड़ा,सादिकसुनील कुमार,शरीफ बेग सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलश यात्रा को भव्य बनाने हेतु महिलाओं की अहम बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा हिंदू सम्मेलन के तत्वावधान में सकल हिंदू समाज महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक अनोखे राज हनुमान मंदिर में आयोजित की गई, जिसमें कलश यात्रा को भव्य रूप प्रदान करने के लिए चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित महिलाओं ने निर्णय लिया कि कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में महिलाएं भाग लेंगी।

कलश यात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए महिलाओं ने अपने-अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। तथा हर मोहल्लावार एवं क्षेत्रवार महिलाओं के समितियां बनाकर मातृशक्ति को कलश यात्रा हेतु महिलाओं से संपर्क करने की जिम्मेदारी दी गई एवं कलश यात्रा में परंपरागत भारतीय पोशाक में कलश यात्रा में शामिल होने का विशेष आग्रह किया गया। मारुति मानस मंदिर महिला कमेटी और शिव मंदिर मत्स्य विभाग महिला मंडल कमेटी ने अपील की है कि सभी महिलाएं परिवार सहित कलश यात्रा में शामिल हों और इसे एक ऐतिहासिक यात्रा बनाएं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हिंदू समाज की एकता और शक्ति का प्रतीक होगी। कलश यात्रा के आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य हिंदू समाज की एकता और संस्कृति को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे इस यात्रा में शामिल हों और इसे सफल बनाएं।

## कोटा ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मोड़क में मुठभेड़ के बाद इनामी हिस्ट्रीशीटर आदिल मिर्जा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी(प्रमोद राठौर)।** कोटा ग्रामीण पुलिस को रविवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मोडक़ थाना क्षेत्र में पुलिस पर फायरिंग करने वाले रेंज स्तर के टॉप-10 अपराधियों में शामिल तथा 25 पैसे का इनामी हिस्ट्रीशीटर आदिल मिर्जा को मुठभेड़ के बाद उसके तीन साथियों सहित गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान आदिल मिर्जा के पैर में गोली लगी, जबकि उसके साथी भागने के प्रयास में घायल हो गए। पुलिस को सूचना मिली थी कि आदिल मिर्जा अपने साथियों के साथ मोडक़ क्षेत्र में चौसला ब्रिज से करीब 500 मीटर दूर ओवरब्रिज के पास स्थित एक अमरूद के बाग में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर मोडक़ एवं सांगोद थाना पुलिस तथा विशेष टीमों ने संयुक्त रूप से दबिश दी। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार बदमाशों द्वारा कुल पांच राउंड फायर किए गए, जबकि एक कारतूस फंस गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने चार राउंड फायर किए, जिसमें एक गोली हिस्ट्रीशीटर आदिल मिर्जा के बाएं पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। मुठभेड़ के दौरान आसूचना अधिकारी चमन सिंह गुर्जर और कांस्टेबल विनोद कुमार के कान के पास से भी गोली गुजर गई, हालांकि दोनों पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि आदिल मिर्जा एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ सांगोद, नयापुरा और भीमगंजमंडी सहित विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, लूट, राजकार्य में बाधा और आर्म्स एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में करीब 33 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कल्याण मीणा एवं डीएसपी के निर्देशन में विशेष टीमें गठित की गई थीं। साइबर सेल के कांस्टेबल लखन सिंह से प्राप्त तकनीकी इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई सफल हो सकी। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आदिल मिर्जा (45) पुत्र अब्दुल कदीर निवासी खेलदार मोहल्ला, सांगोद के साथ फैजल उर्फ टीपू पुत्र नफीस खान निवासी मोडक़ स्टेशन, फय्यूम पुत्र जमील निवासी छापेड़ा तथा अल्फेज खान पुत्र अब्दुल नफीस निवासी मोडक़ स्टेशन को गिरफ्तार किया।

**मानवता और शिक्षा की मिसाल बने मोर सिंह भील**

# संभागीय आयुक्त ने स्वयं का सम्मान साफा पहनाकर किया हाडोती गौरव सम्मान से अलंकृत

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़,(नि.स.)।** पीपलोदी में हुए दुर्भाग्यपूर्ण स्कूल हादसे ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक और चिंता में डुबो दिया, लेकिन इसी अंधकारपूर्ण समय में मानवता और सामाजिक चेतना की एक उज्ज्वल किरण बनकर सामने आए पीपलोदी निवासी मोर सिंह भील। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि जब इरादे नेक हों और संवेदनाएँ जीवित हों, तो समाज स्वयं समाधान खोज लेता है। बच्चों की शिक्षा बाधित न हो, इसी उद्देश्य से मोर सिंह भील ने अपना स्वयं का मकान विद्यालय संचालन हेतु दान कर समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

### हाड़ोती गौरव सम्मान 2026 में मिला विशेष सम्मान

न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी के तत्वावधान में कोटा में आयोजित हाडोती गौरव सम्मान 2026 समारोह में मोर सिंह भील को उनके इस अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने उन्हें साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं शाल ओढ़ाकर हाडोती गौरव सम्मान से नवाजा।

विशेष बात यह रही कि संभागीय आयुक्त ने अपने सम्मान में प्राप्त साफा स्वयं मोर सिंह भील को पहनाकर उन्हें सम्मानित किया, जो इस त्याग और सेवा भावना के प्रति प्रशासन की गहरी संवेदना और सम्मान को दर्शाता है। इस दौरान कोटा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार जैन, सुरेश कुमार अग्रवाल एवं परमानंद गोयल, केके शर्मा कमल तथा झालावाड़ जिला संयोजक ईश्वर शर्मा उपस्थित रहे।

### प्रेरणा बन गया एक त्याग

भले ही पीपलोदी स्कूल हादसा एक दर्दनाक घटना रही हो, लेकिन मोर सिंह भील का यह त्याग आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। उनका यह कार्य यह संदेश देता है कि संसाधनों की कमी भी मजबूत इच्छाशक्ति और संवेदना के आगे बाधा नहीं बन सकती। निस्संदेह, मोर सिंह भील का यह योगदान शिक्षा, समाज और मानवता के प्रति एक ऐसा उदाहरण है, जिसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। उनका नाम उन लोगों में दर्ज हो गया है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी दूसरों के भविष्य के लिए अपने सुख-सुविधाओं को पीछे छोड़ देते हैं। मकान से बड़ा बच्चों का भविष्य है सम्मान समारोह के दौरान मोर सिंह भील ने भावुक शब्दों में कहा— मकान से बड़ा बच्चों का भविष्य है। यदि मेरे छोटे से सहयोग से बच्चों की पढ़ाई चल सकती है, तो इससे बड़ा सौभाग्य और क्या हो सकता है। उनकी यह सोच यह स्पष्ट करती है कि शिक्षा केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। हाड़ोती गौरव सम्मान 2026 के कार्यक्रम संयोजक केके शर्मा कमल संभागीय संयोजक लोकेश शर्मा कार्यक्रम समन्वयक प्रतीक गोयल संरक्षक देवेंद्र सिंह चौहान परमानंद गोयल अध्यक्ष अंजू शर्मा सचिव पुष्पकांत शर्मा, समेत हाडोती गौरव सम्मानित सभी हस्तियों एवं उपस्थित नागरिकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर मोर सिंह भील का स्वागत अभिनंदन किया।

# जन प्रतिनिधि का धर्म केवल घोषणाए करना ही नहीं, जनता के साथ किए हर वायदे को समय पर पूरा करना है- जवाहर सिंह बेढम

## मंत्री बेढ़म ने सीकरी को दी 50 लाख की पौधशाला की सौगात

### निहाम में स्व. ओमप्रकाश भगत जी की पुण्यतिथि पर राम नाम जप में शामिल होकर मंत्री ने किया नमन

बढ़ता राजस्थान

**डीग, (नि.स.)।** जन-प्रतिनिधि का धर्म केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि जनता से किए गए हर वचन को समय पर पूरा करना है। वचनबद्धता ही सुशासन की असली पहचान होती है। यह बात प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने रविवार को डीग जिले के सीकरी उपखंड के निहाम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मंत्री बेढ़म स्व. ओमप्रकाश भगत जी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित राम नाम जप एवं श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्व. ओमप्रकाश भगत का जीवन सादगी, सेवा और समाज के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण रहा है। ऐसे व्यक्तित्व समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं और उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ते हैं।

अपने संबोधन में गृह राज्य मंत्री बेढम ने पूर्व में आयोजित रात्रि चौपाल का स्मरण करते हुए कहा कि उस दौरान बिजली और पेयजल की जो समस्याएं सामने आई थीं, उन्हें गंभीरता से लिया गया है। बिजली के डिमांड नोटिस जारी हो चुके हैं और शीघ्र ही बोरिंग के माध्यम से जलापूर्ति शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा जो मैने कहा, वह किया है, और जो शेष है, वह भी तय समय में पूरा होगा।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने क्षेत्र को पर्यावरण संरक्षण की बड़ी सौगात देते हुए 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक पौधशाला का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह पौधशाला 'हरित सीकरी' की दिशा में एक मजबूत कदम है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने स्वयं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के पश्चात गृह राज्य मंत्री बेढम ने सीकरी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेकर बिजली, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी और राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा विकास कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।



मंत्री बेढ़म ने सेवल मंदिर एवं वनबिहारी जी महाराज की तपोभूमि को नमन करते हुए कहा कि संतों का आशीर्वाद और आध्यात्मिक चेतना ही जनकल्याण के कार्यों को सही दिशा प्रदान करती है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, साधु-संत, सामाजिक संगठन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नेशनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता में लोहागढ़ के दो लिटिल टाईगर्स का चयन

### नियमित अभ्यास से होती है सफलता प्राप्त



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वाधान एवं दिल्ली ताइक्कांडो एसोसिएशन के मार्गदर्शन में तालकटोरा इंडोर स्टेडियम आयोजित 39वीं नेशनल सब जूनियर क्योरुगी एवं 14वीं पूम्से ताइक्कांडो चौंपियनशिप 2026 के लिए जयशंकर टाईगर क्लब के दो लिटिल टाईगर्स का चयन हुआ। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन कार्यक्रम का आयोजन भरतपुर जिला ताइक्कांडो संघ के कार्यालय पर प्रतियोगिता में चयनित भरतपुर संभाग के प्रथम ताइक्कांडो लिटिल मास्टर द्वितीय डेन ब्लैक बेल्ट ऐश्वर्य शर्मा एवं प्रथम डेन ब्लैक बेल्ट रामया शर्मा को अग्रिम शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जयशंकर टाईगर क्लब की अध्यक्ष सेवानिवृत्ति व्याख्याता प्रतिभा शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी के जीवन में एकाग्रता का विशेष महत्व है, विद्यार्थियों को पढ़ाई और खेल के दौरान सर्वांगीण विकास के लिए एकाग्रता रखनी चाहिए। कार्यक्रम में भरतपुर ताइक्कांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

टाईगर क्लब सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने बताया कि 39वीं नेशनल क्योरुगी एवं 14वीं पूम्से ताइक्कांडो चौंपियनशिप 2026 का आयोजन ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एडवोकेट आर डी मंगेशकर के शुभाशीष एवं दिल्ली ताइक्कांडो एसोसिएशन के महासचिव हर्षप्रिय सिंह जी के मार्गदर्शन में तालकटोरा इंडोर स्टेडियम न्यू दिल्ली में दिनांक 13 से 15 जनवरी तक प्रस्तावित है। प्रतियोगिता में क्योरूगी एवं पूम्से के सब जूनियर वर्ग में लोहागढ़ के शेर ऐश्वर्य शर्मा एवं रामया शर्मा का पुरुष व महिला वर्ग में चयन राजस्थान ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी एवं सचिव लक्ष्मण सिंह हाडा के सानिध्य में हुआ है।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, श्री अन्नपूर्णा रसोई के निर्देशक विष्णु दत्त शर्मा, भरतपुर ताइक्कांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, नेशनल जूडो चौंपियन पोहप सिंह जादौन, नेशनल कराते चौंपियन नेहा शर्मा, महिला प्रशिक्षक व भरतपुर ताइक्कांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, क्लब सचिन इंजीनियर पीयूष जयशंकर टाईगर ने प्रतियोगिता में चयनित हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नेशनल महाविद्यालय चौंपियन लवली माहौर, विशाल मलाह, शांतनु राजपूत, गुड़िया सेन, रौनक कोली आदि अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# श्रीमद्भागवत कथा में रुक्मणी विवाह की सजीव प्रस्तुति, कृष्ण-रुक्मणी के जयकारों से भक्तिरस में डूबा पंडाल

### दिल्ली के कृष्णा नगर राम मंदिर में कथा के दौरान हुई पुष्पवर्षा, महिला श्रद्धालुओं ने किया भावपूर्ण नृत्य, संगीतमय कथा व भजनों ने बांधा समां

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित राम मंदिर में आयोजित विशाल श्रीमद्भागवत कथा समारोह में शनिवार को भक्ति, उल्लास और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा आचार्य पंडित बृजेश शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के पावन विवाह प्रसंग का संगीतमय वाचन करते ही पूरा पंडाल श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंग गया। जैसे ही श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की सजीव झांकी प्रस्तुत की गई, श्रद्धालु जय श्रीकृष्ण और जय रुक्मणी माता के जयकारों से गूंज उठे।



कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर अपने आराध्य के प्रति भाव प्रकट किए। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण भक्ति में झूमते हुए भावविभोर नृत्य किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं कई महिला श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से कन्यादान की रस्म निभाई और इसे अपने जीवन का सौभाग्य बताते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। यह विशाल श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव बयाना के गांव बागरैन निवासी प्रमुख रेडीमेड गारमेंट कारोबारी व निर्माता कथा परीक्षित हेमंत गोयल और सोनिया गोयल दंपती के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा व व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। कथा विश्राम के दौरान प्रतिदिन विभिन्न पकवानों, फलों और गाजर के हलवे सहित प्रसाद का वितरण किया जा रहा है, जिसे श्रद्धालु श्रद्धा भाव से ग्रहण कर रहे हैं। कथा प्रवचन करते हुए पंडित बृजेश शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी का विवाह केवल एक पौराणिक प्रसंग नहीं, बल्कि विश्वास, प्रेम, समर्पण और सद्भाव से परिपूर्ण आदर्श दांपत्य जीवन का संदेश देता है। यह कथा समाज को यह सीख देती है कि पारिवारिक जीवन में जिम्मेदारी, अनुशासन और परस्पर सम्मान कितना आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी व कारोबारी गोपाल गोयल, गौरव गोयल, जितेंद्र गोयल, रमेश गोयल, ब्रजेश गोयल, राजेश गोयल, सुनील गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कथा परीक्षित हेमंत गोयल और सोनिया गोयल ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा समारोह का विसर्जन सोमवार को विधिवत हवन-यज्ञ, महाप्रसादी और विशाल भंडारे के आयोजन के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# लाल बहादुर शास्त्री ने किसानों को आगे बढ़ाने और देश की सुरक्षा को मजबूती के लिए कार्य किये - डॉ. दयाचंद पचौरी

### स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि श्रद्धासुमन अर्पित कर दी श्रृंद्धाजलि

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि शास्त्री पार्क अनाह गेट भरतपुर में डॉ. दयाचंद पचौरी अध्यक्ष शहर कांग्रेस भरतपुर की अध्यक्षता में पुष्पाहार पहनाकर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रृंद्धाजलि अर्पित की गई। शहर अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुरशास्त्री सादा जीवन उच्च विचार के आदर्शवादी थे। उन्होंने देश के किसानों को आगे बढाने और देश की सुरक्षा को मजबूती के लिए कार्य किये। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने कहा कि शास्त्री जी ने देश को जय जवान जय किसान का नारा दिया तथा वे देश में हरित क्रान्ति के जन्मदाता के रूप में भी जाने जाते हैं। इस मौके पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष बवीता शर्मा, सेवादल के अध्यक्ष डॉ. निरंजन जघीना, संगठन महासचिव योगेश सिंघल, रमेश पाठक, रामेश्वर सेनी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज, वरि0 उपाध्यक्ष, अवधेश कुमार शर्मा, इं. जीवनलाल शर्मा, दिनेश सोगरवाल, मनोज शर्मा, गंगाराम पाराशर, व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष राजपूत, अभिषेक जैन एडवोकेट, सुरेश पदयात्री, चन्द्रकांत शर्मा, अशोक लवानियां, विजेन्द्र चीमा, ओमप्रकाश ठाकुर, एडवोकट महेन्द्र सिंह कोली, अमित गोरावर, उपेन्द्र चन्देला, लक्ष्मीनारायन सेन, वीरेन्द्र नागर, रमेश सतीजा, रामगोपाल शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापत, सत्यपाल, हेमन्त गादौली,देवेश शर्मा आदि मौजूद थे।



# सदर पुलिस ने बरामद किये चोरी और गुम हुए एक दर्जन मोबाइल

### सीओ की मौजूदगी में उनके मालिकों के किया सुपुर्द, एक कन्स्टेबिल की भूमिका से लौटी खुशी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के सदर थाना पुलिस के एक कांस्टेबल की अथक मेहनत और ष्टद्गह्लद्ब पोर्टल के माध्यम से 12 लोगों के चेहरों पर फिर से खुशी लौट आई। मामला मोबाइल चोरी और मोबाइल खोने के मामलों का है। जिसमें एक कोस्टेबिल कि मेहनत से 12 मोबाइल सदर पुलिस ने बरामद किए। सीओ महेंद्र कुमार की मौजूदगी में यह बरामद मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे गए। इस दौरान सीओ महेंद्र कुमार ने मामले में अहम भूमिका निभाने वाले कांस्टेबल राहुल कुमार (बेल्ट नंबर 476) का सम्मान किया। सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर मोबाइल चोरी एवं गुमशुदगी के मामलों में कार्रवाई को लेकर कांस्टेबल राहुल कुमार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे थे। खोए हुए और गुम हुए मोबाइलों को लेकर ष्टद्गह्लद्ब पोर्टल के माध्यम से ट्रेस कर बरामद किया है। यह बरामद मोबाइल आज सीओ महेंद्र कुमार की मौजूदगी में उनके मालिकों को वापस दिए गए है। वहीं देर शाम पत्रकार प्रमोद मुदगल के मोबाइल खोने के बाद मिली सूचना के साथ ही बाड़ी कोतवाली पुलिस एक्टिव हो गई और मोबाईल लोकेशन के आधार पर देर रात्रि तक मोबाईल को तलाश किया, उसके बाद तलाश सुबह फिर शुरू की गई तो पुलिस के दबाव और मेहनत के चलते लगभग 12 बजे पत्रकार को मोबाइल सुपुर्द कर दिया गया, पुलिस की तत्काल सक्रियता के चलते मिले मोबाइल को लेकर बाड़ी पत्रकार संघ ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

# कोहरे में वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप जरूरी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी (राजू शर्मा)।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा मनाई जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बसेड़ी राजमार्ग पर परिवहन विभाग की ओर से वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अभियान चलाया गया तथा वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत समझाइश की गई। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने वाहन चालकों को बताया कि कोहरे के समय विजिबिलिटी काम हो जाती है ऐसे समय में यदि वहां के पीछे रिफ्लेक्टर लगा होता है तो दुर्घटना की संभावना है काम हो जाती है। उन्होंने कहा कि विशेष कर सर्दियों के समय में अपने वाहनों के रिफ्लेक्टरों को दुरुस्त रखें। अधिकांश दुर्घटनाएं सर्दी की यह समय में विजिबिलिटी कम होने के कारण हो जाती है। सर्दी के समय में कोहरे के समय वाहनों की गति नियंत्रित रखें क्षमता से अधिक वहां में सवारियों को ना बैठा लें।

वही बरैठा चेक पोस्ट पर चलाए गए अभियान में परिवहन निरीक्षक ओम चौधरी ने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाएं और वाहन चालकों को कोई यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्षमता से अधिक वाहनों होने के कारण पूरा हाईवे रात दिन भर कर चलता है। ऐसे में संयम के साथ नियंत्रित गति में अपनी यात्रा करें। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो रात्रि में यात्रा को टालें। विभाग द्वारा मनाई जा रहे राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले के सभी कस्बों में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन सहयोग से ही अभियान सफल होगा।

# विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर हुई चर्चा, घर-घर दिया जायेगा आमंत्रण

### 08 फरवरी को होगा परशुराम धर्मशाला में आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की परशुराम धर्मशाला में विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के वरिष्ठ पदाधिकारी अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 8 फरवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। अनुराग शर्मा धौलपुर से आए थे। बैठक में 8 फरवरी को आयोजित होने वाले सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें हिन्दू समाज में पंच परिवर्तन (पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन), वीर-माता (चार संतानों वाली माता), विवाह में नवाचार (दहेज रहित विवाह), स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, तथा साहित्य, कला एवं समाज सुधार जैसे क्षेत्रों में प्रशंसनीय कार्य करने वाले परिवारों और व्यक्तियों को आमंत्रित कर सम्मानित करने पर सहमति बनी। विशेष रूप से %वीर माता% को सम्मानित करने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, साहित्यकारों और कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत करने की योजना पर भी विचार-विमर्श किया गया।



सम्मेलन के लिए शहर की विभिन्न बस्तियों में घर-घर जाकर संपर्क किया जाएगा। टीम के सदस्य आमंत्रण पत्र के साथ पीले चावल देकर लोगों को निमंत्रण देंगे। इसके लिए बैनर, परिचय पत्र और आमंत्रण पत्र तैयार किए जाएंगे। महिला टोलियां, युवा और बाल-बालिकाओं की टोलियां बनाकर सभी हिन्दू परिवारों, वर्गों और मोहल्लों के पुरुष एवं महिला सहयोगियों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने की रणनीति बनाई गई। इस बैठक में कार्यकारिणी के अध्यक्ष शिवकुमार खेमरिया, संरक्षक सुरेंद्र सिंह परमार, पदाधिकारी अंजनी पाराशर, बीरेंद्र सिंह परमार, मयूर जैमिनी, डॉ. परमेश पाठक, पुष्पेंद्र बिधोलिया, भगवती प्रसाद शर्मा, राजवीर कटारा, जगदीश जगरिया, मनोज शर्मा, संतोष बाल्मीकि, विजय दीक्षित और पप्पू पुजारी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़ा दस हजार रूपये का इनामी बदमाश

### डीएसटी टीम के सहयोग से फिरोजाबाद से हुई गिरफ़्तारी, सैपऊ रोड पर हुई थी वारदात

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने डीएसटी टीम के सहयोग से एक वर्ष से फरार चल रहे हमले और फायरिंग के मामले में एक दस हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया बदमाश यूपी के फिरोजाबाद के कुशवाहा नगर से पकड़ा गया है। जो हमले के बाद से फरार हल रहा था। ऐसे में गिरफ्त में आए बदमाश से अब कोतवाली पुलिस मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान के तहत मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। ऐसे में जरिए मुखबिर सूचना मिली की बाड़ी थाने पर दर्ज एफआईआर संख्या 09/2025 का फरार वांटेड और इनामी बदमाश फिरोजाबाद के कुशवाहा नगर में छिपा हुआ है। उक्त सूचना के पुख्ता होने पर डीएसटी टीम के एएसआई प्रेमसिंह और कांस्टेबल भागीरथ सिंह के साथ थाने के जांच अधिकारी हरवीर सिंह के नेतृत्व में दो विशेष दो टीमों का गठन कर फिरोजाबाद पहुंच आरोपी बदमाश बादल गोस्वामी पुत्र केशव गिरी निवासी मोहल्ला गुमट को फिरोजाबाद के सतकार टॉकीज के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये बदमाश पर एसपी धौलपुर द्वारा दस हजार का इनाम घोषित था। उक्त मामले में पूर्व में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। आरोपी बदमाश बादल गोस्वामी से अब पुलिस मामले को लेकर धारा 189(2),125 और 109(1) बीएनएस में पूछताछ कर रही है।

# सदर पुलिस ने शहर के रिंग रोड के पास खेत में जुआ खेलते पकड़े जुआरी

### छह जुआरियो से दस हजार से अधिक की नगदी बरामद,जुआ एक्ट में कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सर्किल रोड निधारा गांव के पास से खेत में जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये जुआरियों से पुलिस ने दस हजार से अधिक रुपए की जुआ राशि बरामद की है। सभी जुआरियों के खिलाफ 13 आरपीजीओ जुआ एक्ट में कार्रवाई की जा रही है।

सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर जुआ,सट्टा और अवैध गतिविधियों को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है।जरिये मुखबिर शनिवार की शाम सूचना मिली सर्किल रोड निधारा गांव के पास एक खेत में जुआ हो रहा है। उक्त सूचना के पुख्ता होने पर थाने के हेड कांस्टेबल हल्केराम, कांस्टेबल हेमसिंह,राहुल कुमार,सुमन प्रकाश,राहुल सिंह और देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई में चारों तरफ से घेरा देकर छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें तौसीफ पुत्र शहीद खां निवासी संत्रास पाड़ा,कासिम पुत्र लियाजुद्दीन निवासी संत्रास पाडा,पारस पुत्र मुरारी लाल गुर्जर निवासी गुर्जर पाड़ा,संजय पुत्र लियाकत मनिहार निवासी हवेली पाड़ा, सोनू पुत्र कन्ना मुसलमान निवासी तुलसीवन रोड और आमिर पुत्र महमूद खां निवासी संतरास पाड़ा शामिल है। जुआरियों से दस हजार 100 रुपए की जुआ राशि बरामद की है साथ में जुआ के अन्य सामान को जप्त किया है। सभी जुआरियों के खिलाफ 13 आरपीजीओ जुआ एक्ट में कार्रवाई की जा रही है।

# एक संकल्प, अनेक जीवन-बाँकेबिहारी जी की बगीची से गूँजी महिलाओं की रक्तदान के लिए एकजुट आवाज़

## 'मानव सेवा संकल्प' की पहल से टूटीं भ्रांतियाँ, मातृशक्ति ने लिया मकर संक्रांति पर रक्तदान का संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर सामाजिक चेतना और मानवता के प्रति समर्पण की प्रेरक मिसाल पेश करते हुए संस्था 'मानव सेवा संकल्प' ने मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाले 12वें विशाल रक्तदान शिविर की तैयारियों के तहत रविवार को सूरजपोल गेट के बाहर स्थित बाँकेबिहारी की बगीची में एक विशेष महिला जागरूकता बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर कर उन्हें इस जीवनदायी महाअभियान से जोड़ना रहा बैठक में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए डॉ. अन्जना राठी, लैब टेक्नीशियन रसिक बिहारी व्यास एवं अन्य चिकित्साकर्मियों ने वैज्ञानिक तथ्यों के साथ स्पष्ट किया कि रक्तदान से महिलाओं के स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने बताया कि उचित हीमोग्लोबिन स्तर वाली स्वस्थ महिलाएँ निश्चित अंतराल पर रक्तदान कर न केवल सुरक्षित रहती हैं, बल्कि समाज के लिए वरदान बनती हैं। कमजोरी, चक्कर या दीर्घकालिक नुकसान जैसी आशंकाओं को विशेषज्ञों ने तथ्यात्मक जानकारी देकर दूर किया संस्था के प्रणेता एडवोकेट अजय शर्मा ने भावपूर्ण शब्दों में कहा, महिलाएं समाज की धुरी हैं। एक जागरूक महिला पूरे परिवार और समाज की सोच बदल सकती है। यदि मातृशक्ति आगे आती है, तो रक्तदान आंदोलन स्वतः जनांदोलन बन जाएगा।पूर्व विधायक माणक डाणी ने भी महिलाओं की सहभागिता को निर्णायक बताते हुए कहा कि महिला शक्ति के जुड़ने से रक्तदान अभियान को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी संस्था अध्यक्ष अमित बंसल ने 14 जनवरी को फतेहपुरिया बगीची में आयोजित होने वाले शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की, वहीं शिविर संयोजक मुकेश गर्ग ने कहा कि मानव सेवा संकल्प का उद्देश्य केवल रक्त एकत्र करना नहीं, बल्कि समाज में स्थायी जागरूकता पैदा करना है। पूर्व पार्षद प्रीति शर्मा, समाजसेवी रेणू गर्ग एवं अंजू गर्ग ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं आगे आकर रक्तदान करें और अपने परिवार व समाज की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करें संस्था सहयोगी विजय तंवर ने सभी उपस्थित महिलाओं को रक्तदान जागरूकता के लिए 'प्रेरक' के रूप में कार्य करने का संकल्प दिलाया।

बैठक के समापन पर सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से हाथ उठाकर इस महाअभियान को सफल बनाने की शपथ ली कार्यक्रम में मुक्ता रामावत, कंचन तंवर, सुनीता शर्मा, रचना पलसानिया, सुनीता यादव, कौशल्या फतेहपुरिया, कुसुम डाणी, मधु डाणी, वीणा सोनी, रीना कटियार, प्रमिला गोत्रिवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## जे.के. सीमेंट वर्क्स द्वारा किया गया प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेडा द्वारा अपने सामाजिक सरोकार के तहत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत प्रतिभावान बालक बालिकाओं का प्रतिभा सम्मान समारोह जे.के. सीमेंट के आरटीसी भवन में आयोजित किया गया जहां पर प्रतिभावान बालक- बालिकाओं को रजत मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के अतिथि ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अरविंद मुंदड़ा, जे.के.सीमेंट के टेक्निकल हेड राजेश सोनी, एच.आर. हेड प्रभाकर मिश्रा एवं मॉडल स्कूल के प्राचार्य अनिल सोमानी ने प्रतिभावान बच्चों को रजत मेडल पहना कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अरविंद मुंदड़ा ने कहा कि सभी को अपनी प्रतिभा को उभारते हुए आगे आना चाहिए और अपने हुनर को दिखाना चाहिए। जे.के. सीमेंट के टेक्निकल हेड राजेश सोनी ने प्रतिभावान बच्चों को अपनी कहानी सुनाते हुए कहा कि मैं यही का पड़ा हुआ हूं और निरंतर मेहनत के चलते में आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं।

## स्वर्गीय कैलाश चंद्र शर्मा की छठी पुण्यतिथि पर गायों को पशु आहार एवं हरी घास खिलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** कर्मठ एवं ऊर्जावान कांग्रेस के कार्यकर्ता स्वर्गीय कैलाश चंद्र शर्मा की छठी पुण्यतिथि पर सांवरिया गौशाला निंबाहेड़ा में उनकी पत्नी लिपिका शर्मा, पुत्र चक्षु, पुत्रवधू सोनम, पुत्री परी शर्मा, पोत्री लाडो शर्मा, एवं स्वर्गीय कैलाश शर्मा के मित्र यू. एस, शर्मा बिहारी लाल सोलंकी, द्वारा गायों को पशु आहार एवं हरी घास खिलाकर स्वर्गीय शर्मा की छठी पुण्यतिथि पर आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रेगा में भगवान राम के नाम पर बयान दुर्भाग्यपूर्ण -कालूलाल गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** कांग्रेस देहात के जिला अध्यक्ष द्वारा शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में नरेगा से संबंधित टिप्पणी को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। पूर्व खान, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री कालूलाल गुर्जर ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि नरेगा में भगवान राम का नाम जोडने से मर्यादा भंग होने की बात कहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है। गुर्जर ने कहा कि भगवान राम स्वयं मर्यादा के सर्वोच्च प्रतीक हैं, इसी कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहा जाता है। उनके जीवन का प्रत्येक क्षण सत्य, धर्म, कर्तव्य और मर्यादा का उदाहरण प्रस्तुत करता है। ऐसे में उनके नाम से मर्यादा भंग होने की बात करना न केवल तथ्यहीन है, बल्कि सनातन आस्था का भी अपमान है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब स्वयं कांग्रेस देहात के जिला अध्यक्ष के नाम में भी "राम" शब्द शामिल है, तो क्या उनके नाम से भी उनकी मर्यादा भंग होती है? भगवान राम के नाम पर इस प्रकार की टिप्पणी किस मानसिकता को दर्शाती है, यह जनता भली-भांति समझ सकती है। कालूलाल गुर्जर ने कहा कि भगवान राम किसी एक वर्ग या राजनीतिक दल के नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष की आस्था, संस्कृति और संस्कार के आधार हैं। उनके नाम को राजनीतिक बयानबाजी का विषय बनाना निंदनीय है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और नेताओं से ऐसे बयानों से बचने तथा समाज में सौहार्द, श्रद्धा और मर्यादा बनाए रखने का आह्वान किया।

## अधिवक्ता स्नेह परिवार ग्रुप की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** अधिवक्ता स्नेह परिवार व्हाट्सऐप ग्रुप के तत्वावधान में अधिवक्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार शाम सब्जी मंडी स्थित एडवोकेट अनिल पारीक के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में 40 से अधिक अधिवक्ताओं ने सहभागिता की। बैठक में आगामी बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें उपस्थित अधिवक्ताओं ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही न्यायालय में पैरवी के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा किया गया। इसके अलावा आगामी मकर संक्रांति पर न्यायालय में आयोजित होने वाले खेलकूद कार्यक्रमों में सहभागिता करने तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के उपरांत अधिवक्ताओं ने चाय-पकौड़ों के साथ नाश्ते का आनंद लिया और आपसी सौहार्द एवं वकील एकता का परिचय दिया। बैठक के दौरान जिला अभिभाषक संस्था के रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के जिला सचिव पीरू सिंह गौड़ सहित बालू लाल उपाध्याय, नवीन चेचानी, सुधीर डांगी, दीपक चतुर्वेदी, सूर्य प्रकाश सरगरा, अनिल पारीक, शिप्रा, अनिल सोनी, जितेन्द्र मारु, सरिता स्वर्णकार, मनीष बूलिया, आरती कुमावत, रेखा ओझा, रेशमा, सुनीता चतुर्वेदी, किरण सोनी, पल्लवी काबरा, यशोदा मंडोवरा, संजय रांका, पवन आचार्य, भगवती कोली, संध्या चतुर्वेदी, पूजा शर्मा, सीमा अहीर, ममता दाधीच, संजना गुर्जर, कृष्णा राव, पुखराज वैष्णव, पूषा लाल तेली, कन्हैयालाल तेली, गोविन्द विश्नोई, आवेश वावला सहित अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## नवसृजित ग्राम पंचायत 3डीडी का सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** नवसृजित ग्राम पंचायत 3डीडी के गठन पर ग्रामवासियों द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष बावरी, भाजपा कार्यकर्ता विनोद पारीक, पवन भांभू और देवीलाल कूकना विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## क्षतिग्रस्त पुलिया और ओवरफ्लो नालियों से नरकीय हुए हालात, बीमारी फैलने का सता रहा डर

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** शहर के वार्ड नंबर 28 में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था को लेकर स्थानीय निवासियों का धैर्य जवाब दे गया। नालियों से गंदे पानी की निकासी न होने और जगह-जगह अवरोध पैदा होने के कारण वार्डवासियों में प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। शनिवार को वार्ड की नारकीय स्थिति को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया और कांग्रेस नगर अध्यक्ष बबलू सोनी को मौके पर बुलाकर अपनी समस्याओं से रूबरू करवाया। वार्डवासियों ने बताया कि मोहल्ले में पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियां पूरी तरह चोक हैं। सडक़ पर बनी मुख्य पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो रखी है, जिसके कारण गंदा पानी नालियों से बाहर निकलकर सडक़ पर ओवरफ्लो हो रहा है। आलम यह है कि चारों ओर बदबू फैली हुई है और लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। गंदा पानी जमा होने से मौसमी बीमारियां फैलने का भय बना हुआ है। नगर अध्यक्ष बबलू सोनी को वार्डवासियों ने चोक हुई नालियों और क्षतिग्रस्त पुलिया दिखाते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। निवासियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि लंबे समय से शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आखिर हम जाएं तो जाएं कहां। वहीं नगर अध्यक्ष बबलू सोनी ने कहा कि वार्ड 28 में स्थिति वाकई गंभीर है और जल निकासी का न होना बड़ी समस्या है। मैं इस विषय में तुरंत नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों अधिशासी अधिकारी से बात करूंगा और क्षतिग्रस्त पुलिया का पुनर्निर्माण और नालियों की सफाई नियमित रूप से करवाने के कहूंगा ताकि वार्डवासियों को इस नरकीय जीवन से निजात मिल सके।

## मोक्षधाम नगर विकास समिति कपासन की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन प्रक्रिया के साथ हुआ गठन

### समिति मे भूपेश गोठवाल अध्यक्ष एवं सचिव पद पर रवींद्र सोमानी निर्वाचित





बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षैत्र के मोक्षधाम की नगर विकास समिति की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन प्रक्रिया उपरांत गठन कर विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षैत्र में राज-राजेश्वर बड़ा तालाब के समीप स्थित मुख्य मोक्षधाम की नगर विकास समिति के सदस्यों द्वारा शनिवार को रामलालजी सोमानी की धर्मशाला में निर्वाचन प्रक्रिया को नियमानुसार सम्पन्न किया गया।इसके बाद शिक्षाविद् चंद्रशेखर तुल्छिया के सानिध्य में मोक्षधाम की नगर विकास समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष भूपेश गोठवाल एवं नगर विकास समिति के सचिव पद पर रवींद्र सोमानी को निर्वाचित घोषित किया गया।साथ ही नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मांगीलाल लोहार एवं कोषाध्यक्ष पद पर दीनबंधु सोमानी को निर्वाचित घोषित किया गया। इस मौके पर समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा समिति के निवर्तमान अध्यक्ष गिरिराज नंदवाना के कार्यकाल दौरान मोक्षधाम में हुवे विभिन्न विकास कार्यों की सराहना के साथ आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर श्यामलाल चाष्टा, मुकेश काबरा,अनिल चंडालिया,शंकरलाल चाष्टा, राकेश सोमानी,दलबीर सिंह बग्गा एवं पप्पू सोनी आदि मोक्षधाम नगर विकास के सदस्यगण उपस्थित रहे।उक्त बैठक में मोक्षधाम परिसर में हॉल निर्माण हेतु रामलाल सोमानी धर्मशाला ट्रस्ट तथा मुख्य द्वार निर्माण हेतु रमेश ट्रेडर्स (सोमानी परिवार) से मिले सहयोग हेतु नगर विकास समिति द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट 13 को

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और सराहनीय पहल की जा रही है। योजना के तहत 13 जनवरी को दोपहर 1बजे से सायं 6 बजे तक गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व प्रताप नगर स्कूल मैदान पर आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था और खेल के अनेक गुर सीखे थे। उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए अब फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए अजित जैन ने बताया की प्रतियोगिता में विधायक खेल विकास योजना के 6 केंद्रों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता की विशेषता यह रहेगी कि इसमें वे बच्चे भी हिस्सा ले सकेंगे जिन्हें फुटबॉल खेलने का पूर्व अनुभव नहीं है, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को खेल से जुड़ने और सीखने का अवसर मिल सकेगा। टूर्नामेंट में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। विधायक खेल विकास योजना से जुड़े सभी कोचों से आग्रह किया कि वे 13 जनवरी को दोपहर 1 बजे तक अपनी-अपनी टीमों के साथ गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड पर उपस्थित रहें। योजना से जुड़े सभी बच्चों की प्रतियोगिता में भागीदारी अनिवार्य रखी गई है।

## विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में स्नेह मिलन समारोह का कपासन में हुआ भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार सांयकाल रामद्वारा परिसर में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें प्रस्तावित गौ सम्मान आह्वान अभियान से जुडने का आग्रह किया गया। बजरंग दल जिला सहसंयोजक रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त समारोह का विहिप प्रखंड मंत्री गोपाल कृष्ण काबरा द्वारा आचार्य पद्धति से किया तथा विहिप प्रखंड अध्यक्ष मुकेश जागेटिया द्वारा काव्य गीत जगाया तुमको कितनी बार का गायन किया गया।विहिप जिलाध्यक्ष किशन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया।समारोह को संबोधित करते हुवे विहिप प्रांत सहमंत्री युधिष्ठिर हाड़ा ने विहिप संगठन की स्थापना के दौरान लिये गये लक्ष्य श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन,धर्मांतरण विरोधी अभियान, मंदिर संरक्षण व निर्माण, गौरक्षा, संत,महंतों की सेवा,सुरक्षा आदि लक्ष्य की सफलता की ओर ध्यान इंगित किया गया।कार्यक्रम में अनुजदास महाराज मूंगाना ने हिंदू समाज की माला के मोती से तुलना कर सभी से एक सूत्र में बंधे रहने का आह्वान तथा आगामी अप्रैल माह में प्रस्तावित गौ सम्मान आव्हान अभियान से अधिकाधिक जुडने का आग्रह किया गया।समारोह में कवि शिव राजस्थानी द्वारा स्वरचित कविता को वीर रस में प्रस्तुत किया गया। इस समारोह के अंत में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा द्वारा आगंतुक अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुवे मासिक बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया गया।इस अवसर पर विहिप प्रांत प्रचार-प्रसार सहप्रमुख अनिल चतुर्वेदी,जिला मंत्री चंद्रशेखर सोनी,सहमंत्री जानकीलाल लक्ष्लकार,बजरंग दल विभाग संयोजक योगेश दशोरा,जिला संयोजक मनोज साहू,प्रखंड सहमंत्री राधाकृष्ण शर्मा,संरक्षक लाला चाष्टा, भवानीशंकर जीनगर,नगर सहमंत्री सुरेश जीनगर, बादशाह सिंह,राधेश्याम वैष्णव,श्यामलाल पंवार,रमेश सोमानी,गोपाल सुथार,श्रीरामद्वारा ट्रस्ट अध्यक्ष दामोदर सोमानी,राकेश सोमानी,रतन सिंह आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

मुख्य गेट पर तैनात कर्मियों की पहल से यात्रियों को राहत, ई-रिक्शा व अवैध पार्किंग पर लगेगा लगाम

# अव्यवस्था से अनुशासन की ओर ब्यावर बस स्टैंड पर यातायात सुधार की सार्थक शुरुआत

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** शहर के सबसे व्यस्त सार्वजनिक स्थलों में शामिल ब्यावर बस स्टैंड पर लंबे समय से चली आ रही यातायात अव्यवस्था को सुधारने की दिशा में एक संवेदनशील और व्यावहारिक पहल की गई है। यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और समयबद्ध आवागमन को प्राथमिकता देते हुए ब्यावर डिपो की मुख्य प्रबंधक शिप्रा शानिवाल एवं प्रबंधक (यातायात) लोकेंद्र जागिड़ के निर्देशन में बस स्टैंड परिसर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं इसी क्रम में आगार के चालक दिनेश कुमार एवं ब्रजसिंह राणावत को बस स्टैंड के मुख्य गेट पर विशेष रूप से तैनात किया गया है। इनकी जिम्मेदारी मुख्य गेट के बाहर अनियंत्रित रूप से खड़े ई-रिक्शाओं तथा नो पार्किंग ज़ोन में खड़े दुपहिया और चौपहिया वाहनों को व्यवस्थित करना है, ताकि बसों के आवागमन में बाधा न आए और यात्रियों को प्रवेश व निकास में असुविधा न हो। प्रशासन का मानना है कि इस व्यवस्था से न केवल बस स्टैंड परिसर में फैलने वाली अव्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी कम होंगी। विशेषकर वृद्ध, महिलाएं और बच्चे, जिन्हें भीड़ और अव्यवस्थित यातायात के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, उन्हें अब अधिक सुरक्षित और सुगम वातावरण मिलेगा स्थानीय यात्रियों और आमजन ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि यदि इसी प्रकार नियमित निगरानी और सख्ती बरती गई, तो ब्यावर बस स्टैंड एक अनुशासित, सुरक्षित और यात्री-हितैषी परिवहन केंद्र के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करेगा।

## पंजाब पुलिस के रिटायर्ड IG का निधन ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट हॉकी टीम के सदस्य रह चुके



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 1980 मास्को ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे पंजाब पुलिस के रिटायर्ड आईजी दविंदर सिंह गरचा का शनिवार को निधन हो गया। उन्हें जालंधर स्थित घर में सुबह हार्ट अटैक आया। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही उन्हें स्टेंट डाले गए थे और उनकी तबीयत स्थिर थी। 1980 में हुए ओलिंपिक में उन्होंने 6 मुकाबलों में आठ गोल कर टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। इंटरनेशनल स्तर पर भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा। वह फेमस मोहित सिंह मुंशी हॉकी टूर्नामेंट के अध्यक्ष रहे। उनके निधन पर सुरजीत हॉकी कमेटी सहित कई खेल संस्थाओं और ओलिंपियनों ने दुख जताया है। फिलहाल उनके अंतिम संस्कार की तिथि और समय की घोषणा नहीं हुई है। परिवार की ओर से बताया गया है कि इसकी जानकारी जल्द साझा की जाएगी। गरचा का जन्म 7 दिसंबर 1952 को हुआ। वह 3 इंटरनेशनल टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। अपने करियर में 30 से अधिक इंटरनेशनल मैच खेले। इन मुकाबलों में उन्होंने कुल 19 गोल किए।

## वडोदरा वनडे में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

# कोहली ने बनाए 93 रन, गिल की भी फिफ्टी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-न्यूजीलैंड के बीच वडोदरा में खेले गए पहले वनडे मैच में टीम इंडिया ने 4 विकेट से शानदार जीत हासिल की. इस जीत के साथ ही भारतीय टीम अब 3 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है. ये मुकाबला वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेला गया. जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 301 रनों का लक्ष्य रखा था. मेहमान टीम की ओर से डेरिल मिचेल ने 84 रनों की पारी खेली थी. इसके जवाब में उतरी भारतीय टीम ने कोहली के 93, गिल की 56 और श्रेयस अय्यर की 49 रनों की पारी के दम पर इसे चेज कर लिया. भारतीय क्रिकेट टीम का नए साल में ये पहला इंटरनेशनल मुकाबला था. गिल ब्रिगेड ने साल का आगाज जीत के साथ किया है. साथ ही कोटाम्बी स्टेडियम के लिए भी ये मैच खास रहा क्योंकि यह मैदान पहली बार मेन्स इंटरनेशनल मैच की मेजबानी कर रहा था। न्यूजीलैंड के 301 रनों के जवाब में भारत की शुरुआत बेहद अच्छी रही. रोहित और गिल ने संभली शुरुआत की.



रोहित लय में भी दिखे. लेकिन 9वें ओवर में 39 के स्कोर पर उनका विकेट गिरा. रोहित के बल्ले से 26 रन आए जिसमें 2 शानदार छक्के और 3 चौके थे. लेकिन इसके बाद विराट कोहली और शुभमन गिल ने कमाल किया. दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई. कोहली ने अपने 28000 इंटरनेशनल रन भी पूरे किए. वहीं, गिल ने भी फिफ्टी लगाई. लेकिन 27वें ओवर में गिल अपना विकेट गंवा बैठे. गिल ने 56 रन बनाए. इसके बाद विराट कोहली का साथ देने के लिए श्रेयस अय्यर आए. दोनों के बीच 77 रनों की साझेदारी हुई. लेकिन विराट कोहली शतक से चूक गए. कोहली के बल्ले से 93 रन आए. 40वें ओवर में उनका विकेट गिरा. कोहली ने अपनी पारी में 8 चौका और एक छक्का लगाया।

### ऐसे चली न्यूजीलैंड की पारी

न्यूजीलैंड की शुरुआत शानदार रही. सलामी बल्लेबाजों डेवोन कॉन्वे और हेनरी निकोल्स ने पहले विकेट के लिए 117 रनों की पार्टनरशिप कर ली. इस पार्टनरशिप के दौरान दोनों खिलाड़ियों ने 60-60 बॉल में अपने अर्धशतक पूरे किए. इस पार्टनरशिप को हर्षित राणा ने तोड़ा, जिन्होंने हेनरी निकोल्स को चलता किया. निकल्स ने 8 चौकों की मदद से 69 बॉल पर 62 रन बनाए. हर्षित ने फिर कॉन्वे को भी आउट किया. कॉन्वे ने 6 चौके और एक छक्के की मदद से 67 बॉल पर 56 रनों का योगदान दिया. 28वें ओवर में सिराज ने विल यंग का विकेट झटका. यंग के बल्ले से 12 रन आए। इसके बाद 34वें ओवर में कुलदीप यादव ने ग्लेन फिलिप्स का विकेट झटका. उस वक्त न्यूजीलैंड का स्कोर 170 रन था. इसके बाद 38वें ओवर में प्रसिद्ध ने मिचेल हे को बोल्ड किया. हे के बल्ले से केवल 18 रन आए. इसके बाद छठा विकेट 43वें ओवर में आया जब ब्रेसवेल को अय्यर ने रन आउट किया. इसके बाद अगले ही ओवर में सिराज ने जकारी को बोल्ड किया. इसके बाद 48वें ओवर में न्यूजीलैंड को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब डेरिल मिचेल 71 गेंद में 84 रन बनाकर आउट हुए. आखिरकार न्यूजीलैंड की टीम 300 रन बना सकी।

### अर्शदीप को नहीं मिला था चांस

इस मुकाबले में भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी और यशस्वी जायसवाल को मौका नहीं मिला था. वहीं न्यूजीलैंड की ओर से क्रिस्टियन क्लार्क ने अपना वनडे इंटरनेशनल डेब्यू किया. कीवी टीम की प्लेइंग-11 में भारतीय मूल के क्रिकेटर आदित्य अशोक भी शामिल रहे।

## केरल की बेटियों ने जीता नेशनल वॉलीबाल टूर्नामेंट:पुरुष वर्ग में रेलवे का दबदबा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाराणसी के सिगरा स्टेडियम में 72वीं नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। इस दौरान महिला वर्ग में केरल ने और पुरुष वर्ग में रेलवे ने खिताब अपने नाम किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ विजेताओं को ट्राफी दी। महिला वर्ग में केरल ने कड़े मुकाबले में रेलवे को हराया। वहीं रेलवे ने केरल को पुरुष वर्ग में लगातार तीन सेटों में हराकर ट्राफी और नकद पुरस्कार जीत लिया। दोनों डिप्टी सीएम ने टीमों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आयोजकों को शुभकामनाएं दी।

## पंत चोट के कारण न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बाहर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया है। इसकी जानकारी BCCI ने रविवार को दी।

शनिवार शाम अभ्यास सत्र के दौरान पंत थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट के खिलाफ बल्लेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान एक गेंद उनके पेट की दाहिनी तरफ जा लगी। गेंद लगते ही पंत दर्द में जमीन पर बैठ गए। इसके बाद टीम का सपोर्ट स्टाफ और मेडिकल टीम उन्हें मैदान से बाहर ले गई। डॉक्टरों की जांच में सामने आया कि



पंत की दाहिनी पसली में खिंचाव आ गया है, जिस वजह से उन्हें आराम की जरूरत है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह इस मैदान पर पहला मेंस इंटरनेशनल मैच होगा। दूसरा वनडे 14 जनवरी को राजकोट में और तीसरा वनडे 18 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा।

## WPL 2026 से यास्तिका भाटिया बाहर हुईं:घुटने की सर्जरी से नहीं उबर पाईं

बढ़ता राजस्थान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) 2026 में नहीं खेल पाएंगी। घुटने की लिगामेंट सर्जरी के बाद वह पूरी तरह फिट नहीं हो सकीं। उन्हें पिछले साल हुए मिनी ऑक्शन में गुजरात जायंट्स ने 50 लाख रुपए में खरीदा था। यास्तिका की इस सीजन में उपलब्धता पहले से ही संदिग्ध थी। उन्होंने अक्टूबर 2025 में घुटने की लिगामेंट सर्जरी करवाई थी। WPL प्रबंधन ने नीलामी से पहले फ्रेंचाइजियों को स्पष्ट कर दिया था कि यदि यास्तिका को खरीदा जाता है और वह टूर्नामेंट से बाहर होती हैं, तो टीम को उनका रिप्लेसमेंट



लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बावजूद गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स ने उन पर बोली लगाई। अंत में गुजरात जायंट्स ने उन्हें 50 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। गुजरात जायंट्स के कोच माइकल क्लिंगर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर यास्तिका की रिकवरी को लेकर शुभकामनाएं दीं।

**बिजनेस**

## ऐपल आईफोन फोल्ड को लेकर नया खुलासा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऐपल के फोल्ड हैंडसेट को लेकर लंबे समय से चर्चा है. अब इसको लेकर नया खुलासा हुआ है, जिसमें डिस्प्ले को लेकर बताया है. ऐपल के पहले फोल्ड हैंडसेट में कोरियाई कंपनी सैमसंग द्वारा तैयार की गई पैनल का यूज होगा. ये जानकारी The Elec की तरफ से शेयर की गई है. CoE बेस्ड OLED पैनल के तहत हैंडसेट में पुराने पैनल की तुलना में ज्यादा ब्राइटनेस मिलेगी. दरअसल, पुराने OLED पैनल के तहत तैयार होने वाले डिस्प्ले के ऊपर एक पोलराइजिंग फिल्म लगी होती है, जो रिफ्लेक्शन को कम करने का काम करती है. मौजूदा टेक्नोलॉजी पर काम करने वाले OLED पैनल की खामी यह है कि यह पैनल की कुछ रोशनी खुद ऑब्जर्व करती है इसकी वजह से ब्राइटनेस और एफिसिएंसी दोनों प्रभावित होती हैं. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, Apple अपने सबसे पहले फोल्ड हैंडसेट में CoE बेस्ड टेक्नोलॉजी पर काम करने वाले OLED पैनल का यूज करेगा. इसे इस साल के 2026 के लास्ट तक अनवील किया जाएगा, हालांकि अभी तक कंपनी ने इस जानकारी को कंफर्म नहीं किया है. हालांकि कीमत को लेकर कोई ऑफिशियल खुलासा नहीं किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, CoE बेस्ड टेक्नोलॉजी पर काम करने वाले OLED पैनल को Apple Air 2 में यूज किया जाएगा. हालांकि अभी तक कंपनी ने इस जानकारी को कंफर्म नहीं किया है. Apple Air कंपनी का सबसे स्लिम हैंडसेट है, जिसकी थिकनेस 5.6 mm है. मौजूदा वर्जन में सिंगल रियर कैमरा सेटअप दिया है. भारत समेत ग्लोबल मार्केट में सैमसंग, वीवो पहले से ही फोल्ड हैंडसेट को सेल कर रहे हैं. वहीं, शाओमी चीन में फोल्ड हैंडसेट को लॉन्च कर चुकी है।

# टॉप-10 कंपनियों में 7 की वैल्यू ₹3.63 लाख करोड़ घटी:रिलायंस टॉप लूजर रही

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 7 की वैल्यू बीते हफ्ते के कारोबार में 3.63 लाख करोड़ रुपए घट गई। इस दौरान देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यू सबसे ज्यादा घटी है। रिलायंस का मार्केट कैप 1.58 लाख करोड़ रुपए घटकर 19.96 लाख करोड़ पर आ गया। HDFC बैंक की मार्केट वैल्यू 96,153 करोड़ घटकर 14.44 लाख करोड़ पर आ गई है। वहीं भारती एयरटेल का मार्केट कैप 45,274 करोड़





घटकर 11.55 लाख करोड़ पर आ गया है। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, TCS और इंफोसिस की वैल्यू भी घटी है। वहीं ICICI बैंक का मार्केट कैप 34,901 करोड़ रुपए बढ़कर 10.03 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। HUL की वैल्यू 6,097 करोड़ रुपए बढ़कर 5.57 लाख करोड़ पर आ गई है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक SBI की मार्केट वैल्यू भी बढ़ी है। SBI की मार्केट वैल्यू भी 600 करोड़ रुपए बढ़ी है, यह 9.23 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है। मान लीजिए... कंपनी 'A' के 1 करोड़ शेयर मार्केट में लोगों ने खरीद रखे हैं। अगर एक शेयर की कीमत 20 रुपए है, तो कंपनी की मार्केट वैल्यू 1 करोड़ x 20 यानी 20 करोड़ रुपए होगी। कंपनी पर असर : बड़ा मार्केट कैप कंपनी को मार्केट से फंड जुटाने, लोन लेने या अन्य कंपनी एक्वायर करने में मदद करता है। वहीं, छोटे या कम मार्केट कैप से कंपनी की फाइनेंशियल डिसीजन लेने की क्षमता कम हो जाती है। निवेशकों पर असर : मार्केट कैप बढ़ने से निवेशकों को डायरेक्ट फायदा होता है। क्योंकि उनके शेयरों की कीमत बढ़ जाती है। वही, गिरावट से नुकसान हो सकता है, जिससे निवेशक शेयर बेचने का फैसला ले सकते हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति से कई सीईओ ने कहा, वेनेजुएला निवेश के लायक नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कंपनियों के सामने वेनेजुएला के तेल उद्योग को पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव रखा है, जिसे लेकर शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक मीटिंग हुई. इस बैठक के दौरान एक्सॉनमोबिल के सीईओ डैरेन वुड्स समेत कई कंपनियों ने यहां निवेश को लेकर समस्याओं के बारे में बताया. डैरेन वुड्स ने साफ तौर पर कहा कि वर्तमान में यह लैटिन अमेरिकी देश निवेश के लिहाज से लायक नहीं है. एक्सॉनमोबिल के सीईओ ने कहा कि वेनेजुएला की अस्थिर कानूनी व्यवस्था, निवेश सुरक्षा की कमी और पुराने हाइड्रोकार्बन कानूनों के कारण पर्याप्त सुधारों के बिना अमेरिकी तेल कंपनियों के लिए यह क्षेत्र सही नहीं होगा. वुड्स ने कहा कि अगर आप वेनेजुएला



में आज मौजूद व्यावसायिक संरचनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को देखें, तो वहां निवेश करना संभव नहीं है. उन्होंने आगे कहा कि इन इंफ्रास्ट्रक्चर और कानून व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव करने होंगे. निवेश के लिए स्थायी सुरक्षा उपाय और हाइड्रोजन कानूनों में बदलाव की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि एक्सॉनमोबिल ने पहली बार 1940 में वेनेजुएला में प्रवेश किया था और उसकी संपत्ति दो बार जब्त किया जा चुका है, जिस कारण कंपनी सोच समझकर कदम रखना चाहती है। कंपनी के सीईओ ने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि तीसरी बार फिर से प्रवेश करने के लिए यहां पर कई तरह के बदलाव की आवश्यकता होगी. खासकर ऐतिहासिक स्वरूप और वर्तमान स्थिति को देखते हुए कई बदलाव जरूरी हैं. हालांकि इसके बाद भी वुड्स ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अमेरिका आवश्यक बदलाव लाने में मदद कर सकता है. वुड्स ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एक्सॉन जल्द ही वेनेजुएला में तेल अवसंरचना की स्थिति का आकलन करने के लिए एक तकनीकी टीम भेजेगी. डैरेन वुड्स ने कहा कि कंपनियों को किसी भी निवेश से पहले संभावित लाभ के बारे में जानकारी हासिल करनी होगी।

### अमेरिका में क्रेडिट कार्ड पर 10% ब्याज का कैप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्रेडिट कार्ड कंपनियों पर तगड़ा वार किया है और भारी ब्याज दरें वसूले जाने के खिलाफ बड़ा कदम उठाने का ऐलान किया है. ट्रंप ने कहा है कि 20 से 30 प्रतिशत या उससे ज्यादा ब्याज लेकर अमेरिकी जनता को लूटने की इजाजत अब नहीं दी जाएगी. 20 जनवरी 2026 से एक साल के लिए क्रेडिट कार्ड इंटरेस्ट रेट पर 10 प्रतिशत की सीमा लागू की जाएगी. ट्रंप ने अपने बयान में कहा, कृपया यह जान लें कि हम अब क्रेडिट कार्ड कंपनियों को अमेरिकी जनता को ठगने नहीं देंगे. ये कंपनियां 20 से 30 प्रतिशत और उससे भी ज्यादा ब्याज वसूल रही हैं, जो `स्लीपी जो बाइडेन प्रशासन` के दौरान बिना किसी रोकटोक के बढ़ता रहा. राष्ट्रपति ट्रंप ने आम लोगों की जेब पर बोझ कम करने को अपनी प्राथमिकता बताया और कहा कि 20 जनवरी 2026 से क्रेडिट कार्ड ब्याज दरों पर एक साल के लिए 10 प्रतिशत की अधिकतम सीमा तय की जा रही है. ट्रंप ने यह भी कहा कि संयोग से 20 जनवरी की तारीख उनके प्रशासन की ऐतिहासिक और बेहद सफल एक साल की वर्षगांठ से भी जुड़ी होगी. उन्होंने इसे अपनी सरकार की उपलब्धियों से जोड़ते हुए कहा कि यह फैसला आम अमेरिकियों को आर्थिक राहत देने की दिशा में एक अहम कदम है. ट्रंप ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा और कहा कि पिछली सरकार के दौरान क्रेडिट कार्ड कंपनियों को खुली छूट मिली रही, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा।

# राउत बोले-ठाकरे 10 मिनट में मुंबई बंद करा सकते हैं

## फडणवीस का जवाब- उनमें अब ताकत नहीं; शाम को उद्धव-राज की रैली

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दावा किया कि ठाकरे परिवार आज भी 10 मिनट में मुंबई बंद कर सकता है। ठाकरे परिवार को महाराष्ट्र की राजनीति से कभी मिटाया नहीं जा सकता। उन्होंने यह बात रविवार को एक कार्यक्रम में कही। राउत ने कहा, ठाकरे परिवार महाराष्ट्र के सबसे ताकतवर परिवारों में से एक है। चुनाव में हार मिलने के बाद भी ठाकरे परिवार की पकड़ राज्य की राजनीति पर बनी हुई है और उनकी ताकत अब भी खत्म नहीं हुई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राउत के बयान को खोखली धमकी बताया। उन्होंने कहा कि जब बाल ठाकरे जीवित थे, तब ऐसा संभव था, लेकिन अब यह ताकत नहीं रही। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और भाई राज ठाकरे रविवार शाम को मुंबई के शिवाजी पार्क में जनसभा करेंगे।

### राउत बोले- बीएमसी चुनाव में ठाकरे गुट का ही मेयर बनेगा

संजय राउत का बयान ऐसे समय आया है, जब 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे एक साथ आए हैं। यह सुलह आगामी बृहन्मुंबई महानगर पालिका चुनाव से पहले हुई है। इसके अलावा राउत ने कहा कि गठबंधन के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को कुछ मुद्दों पर समझौता करना होगा।

### उद्धव-राज की आज मुंबई में जनसभा

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और भाई राज ठाकरे रविवार शाम को मुंबई के शिवाजी पार्क में जनसभा करेंगे। इससे पहले दोनों ने 9 जनवरी को नासिक में साथ जनसभा की थी।

इस दौरान उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी के हिंदुत्व के प्रति समर्पण पर सवाल उठाया था। दागी नेताओं को शामिल करने पर कहा कि वह इतनी बेशर्म हो गई है कि वह राक्षस राजा रावण को भी अपने साथ मिला सकती है।

वहीं राज ने आरोप लगाया था कि बीजेपी धर्म और जाति के नाम पर लोगों को गुमराह करना चाहती है। आप हमें सत्ता सौंपें और देखें, हम शहर को पहले जैसा बना देंगे।

# ईरान के हालात को देखते हुए अमेरिका मदद के लिए तैयार : ट्रंप

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान में जो हालात बने हुए हैं, उनमें अमेरिका मदद के लिए तैयार है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब आजादी यानी स्वतंत्रता की ओर देख रहा है और यह स्थिति पहले कभी ऐसी नहीं रही। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरान स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहा है और अमेरिका हर तरह की मदद के लिए तैयार है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और अमेरिका के कई बड़े अधिकारियों ने पहले भी चेतावनी दी है कि अगर ईरान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों की हत्या होती है, तो अमेरिका कार्रवाई करेगा।

ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि अगर लोग मारे गए तो अमेरिका दखल देगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि इसका मतलब ज़मीन पर सेना भेजना नहीं है, बल्कि ऐसी जगहों पर कड़ा वार करना है, जहां उन्हें सबसे ज्यादा दर्द होगा। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने ट्रंप प्रशासन के इन बयानों की निंदा की है। मंत्रालय ने कहा कि ये बातें दखल देने वाली और लोगों को गुमराह करने वाली हैं और इससे साफ होता है कि अमेरिका अब भी ईरानी जनता के प्रति दुश्मनी रखता है।

गौरतलब हो, ईरान के कई शहरों में दिसंबर के अंत से प्रदर्शन हो रहे हैं। इसकी वजह देश की मुद्रा रियाल का तेज़ी से गिरना और लंबे समय से चली आ रही आर्थिक परेशानियां हैं। ईरानी सरकार ने माना है कि प्रदर्शन हुए हैं और कहा है कि वह लोगों की आर्थिक समस्याओं को सुलझाने के लिए तैयार है, लेकिन साथ ही हिंसा और तोड़फोड़ के खिलाफ चेतावनी भी दी है।

इस बीच, ईरान की सेना ने कहा है कि वह देश के हितों की रक्षा करेगी और अहम ढांचे तथा सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करेगी। सरकारी प्रसारक के मुताबिक, सेना ने लोगों से एकजुट रहने और दुश्मन की साज़िशों को नाकाम करने की अपील की है।

सेना के बयान में आरोप लगाया गया है कि इजरायल और कुछ दुश्मन आतंकी संगठन शहरों में शांति भंग करने और जनता को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। सेना ने कहा कि ये ताकतें ईरानी लोगों के समर्थन के नाम पर एक और विद्रोह भड़काना चाहती हैं।

किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों के पदाधिकारियों के साथ बजट पूर्व संवाद

# आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प में कृषि, पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान और पशुपालक राज्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार स्तंभ है। राज्य सरकार इनको उन्नत, समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए निरंतर फैसले ले रही है। श्री शर्मा ने कहा कि कृषि, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र एक दूसरे के पूरक हैं। आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए ये तीनों क्षेत्र आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों में पदाधिकारियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने सरकार के गठन के तुरंत बाद राज्य के विकास का रोड मैप बनाते हुए कृषि क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं पानी और बिजली पर विशेष ध्यान दिया। पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर परियोजना, गंगनहर, माही बांध एवं देवास परियोजना के कार्यों को आगे बढ़ाया गया। वहीं बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में भी लगातार कार्य करते हुए हमने वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने का लक्ष्य तय किया है।

### किसानों को प्रतिवर्ष मिल रही 3 हजार रुपये की अतिरिक्त सम्मान राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों को प्रतिवर्ष मिलने वाली 6 हजार रुपये की सम्मान निधि के अतिरिक्त राज्य सरकार मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 3 हजार रुपये की सम्मान निधि दे रही है। अब तक राज्य सरकार द्वारा चार किस्तों में 72 लाख किसानों को 2 हजार 73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सम्मानि राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले दो साल में 921 करोड़ का अनुदान जारी कर 59 हजार से अधिक सौर पंप संयत्रों की स्थापना करवाई है। अब तक 17 लाख 30 हजार मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं। प्रदेश के कृषकों को निर्यातकों और खुदरा आपूर्ति समूहों से सीधे जोड़ने के लिए अब तक 913 कृषक उत्पादक संगठन पंजीकृत किए जा चुके हैं। श्री शर्मा ने कहा कि गत दो वर्ष में वर्षा जल संग्रहण के लिए 35 हजार से अधिक फार्म पौंड का निर्माण करवाया गया है और इसके लिए 300 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है। 34 हजार से अधिक किलोमीटर में खेतों पर तारबंदी के लिए 377 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है।

### किसानों की बढ़ रही आय, उत्पादों को मिल रही विश्व में पहचान-

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए भी राज्य सरकार प्रयास कर रही है। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 में अन्य उद्योगों के साथ कृषि और इससे जुड़े उद्योगों को विभिन्न प्रोत्साहन देने का प्रावधान किया गया है। हमने 3 हजार 229 प्याज भंडारगृहों का निर्माण करवाया है, जिनके लिए करीब 45 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। राज्य के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए सोजत की मेहंदी एवं नागौरी अश्वगंधा को जीआई टैग मिल चुका है। नागौरी पान मेथी, कैर, सांगरी, बीकानेरी मोठ, बारां के लहसुन और मारवाड़ी काचरी के जीआई टैग प्रक्रिया में है। उन्होंने कृषकों से आग्रह किया कि कृषि कार्य में रासायनिक उर्वरकों का सीमित मात्रा में उपयोग करें जिससे भूमि का उपजाऊपन बना रहे।



### विभिन्न फैसलों से पशुपालकों का हुआ सशक्तीकरण-

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उनका सशक्तीकरण किया है। पशुधन की असमय मृत्यु के कारण संभावित नुकसान से सुरक्षा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत अब तक 12 लाख से अधिक पशुओं का नि:शुल्क बीमा किया गया है। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को उनके द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल वेटेरिनरी सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। इसके तहत अब तक 536 मोबाइल वाहनों द्वारा करीब 60 लाख पशुओं का उपचार किया गया है। पशुओं के इलाज के लिए मुफ्त दवाओं की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों और पशुपालकों को आय में वृद्धि के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत हम दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपये प्रति लीटर अनुदान दे रहे हैं। इसके तहत अब तक 5 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादकों को 1 हजार 300 करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पंजीकृत गौशालाओं में बड़े पशु के लिए प्रतिदिन 50 रुपये और छोटे पशु के लिए प्रतिदिन 25 रुपये का अनुदान भी दे रही है। गौशालाओं को अब तक 3 हजार 432 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि गोपाल रत्न अवॉर्ड 2025 के तहत राजस्थान को देश में सबसे ज्यादा 3 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं।

बैठक में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों, पशुपालकों एवं डेयरी संघों के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार द्वारा कृषकों व पशुपालकों के हित में किए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कम लागत और अधिक आय वाली फसलों का उत्पादन बढ़ाने, जैविक खेती को प्रोत्साहन देने, महिला कृषकों को और अधिक सशक्त बनाने जैसे सुझाव दिए।

# आरएसएस बदला नहीं है, समय के साथ अपने स्वरूप सामने ला रहा : मोहन भागवत

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ बदला नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे विकसित हो रहा और समय के साथ उसका स्वरूप सामने आया है। उन्होंने कहा कि लोग इसे बदलाव के रूप में देख रहे हैं, जबकि मूल विचार और चरित्र वही है। भागवत नई दिल्ली में आरएसएस के 100 साल की यात्रा पर बनी फिल्म 'शतक' के गीतों के एल्बम लॉन्च कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर गायक सुखविंदर सिंह, फिल्म निर्देशक आशीष मल्ल, को-प्रोड्यूसर आशीष तिवारी और आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी भैयाजी जोशी भी मौजूद रहे। संघ प्रमुख ने कहा, आरएसएस अपनी सौवीं वर्षगांठ मना रहा है। जैसे-जैसे संगठन का विस्तार हुआ और उसने नए-नए रूप लिए, लोगों को यह बदलाव जैसा लगने लगा। लेकिन वास्तव में यह बदल नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे सामने आ रहा है।

### भागवत बोले- संघ और डॉ. हेडगेवार समानार्थी

आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि वे जन्मजात देशभक्त थे और उन्होंने बचपन में ही देशसेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था। उन्होंने कहा, संघ और डॉक्टर साहब एक ही भाव के दो नाम हैं।

भागवत ने बताया कि डॉ. हेडगेवार मात्र 11 साल के थे, जब प्लेग के कारण उनके माता-पिता का निधन हो गया। इसके बावजूद उनका व्यक्तित्व कमजोर नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में बड़े आघात के बाद भी डॉ. हेडगेवार का स्वभाव और विचार दृढ़ बने रहे, जो उनकी मानसिक दृढ़ता और संतुलित सोच को दर्शाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. हेडगेवार के व्यक्तित्व और मानसिक संरचना पर अध्ययन और शोध किया जा सकता है।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि: केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर आज रविवार को देशभर के प्रमुख नेताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शास्त्री जी का 'जय जवान, जय किसान' का नारा राष्ट्र में एकता और स्वावलंबन की भावना जगाने वाला साबित हुआ था। उनकी पुण्यतिथि पर तमाम नेताओं ने उनकी सादगी, ईमानदारी, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रहित सर्वोपरि की नीति को याद किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। संकट के समय 'जय जवान, जय किसान' का उद्घोष कर शास्त्री जी ने देश के स्वावलंबन व सुरक्षा का सुंदर समन्वय बनाया। एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले गुदड़ी के लाल शास्त्री जी ने अपने दृढ़ संकल्प और मजबूत नेतृत्व से 1965 के युद्ध में भारत को विजय दिलाई। उनका सादगीपूर्ण जीवन हर एक समाजसेवी के लिए प्रेरणा है।


केंद्रीय मंत्री नीतीन गड़करी ने लिखा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री 'जय जवान जय किसान' के प्रणेता भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र अभिवादन।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लिखा, जय जवान, जय किसान के उद्घोष से राष्ट्र में नव चेतना का संचार करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795


**Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com**


सेना दिवस परेड की रिहर्सल में दिखी कला-संस्कृति की झलक

# लोक परंपराओं की झांकी में कठपुतली, टेराकोटा, ब्लू पॉटरी जैसी कलाओं की खूबसूरती आई नजर

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर।** सेना दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित होने वाली परेड में सेना के शौर्य के साथ इस बार राजस्थान की कला, संस्कृति और लोक परंपराओं की मनोहर झांकी भी देशभर का ध्यान आकर्षित करेगी। महल रोड, जगतपुरा में चल रही सेना दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान यह झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस झांकी को राजस्थान सरकार के कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की ओर से तैयार किया गया है। झांकी की नोडल एजेंसी राजस्थान ललित कला अकादमी है, जिसके वरिष्ठ कलाकारों की देखरेख में इसे साकार रूप दिया गया है।

### कला, शिल्प और लोक उत्सव झांकी की थीम

झांकी की थीम राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर- कला, शिल्प और लोक उत्सव रखी गई है, जिसका उद्देश्य राज्य की सदियों पुरानी परंपराओं, वास्तुकला, हस्तशिल्प और लोक कलाओं को एक ही मंच पर प्रस्तुत करना है।

### झांकी के प्रमुख आकर्षण

झांकी के फ्रंट पार्ट में विशाल कठपुतली की आकृति स्थापित की गई है, जो राजस्थान की सबसे लोकप्रिय लोक कलाओं में से एक का प्रतीक है। यह कठपुतली राज्य की कलात्मक पहचान को दर्शाते हुए दर्शकों का स्वागत करती नजर आती है। झांकी के मध्य भाग में राजस्थान के विविध हस्तशिल्पों का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। इसमें प्रसिद्ध मोलेला टेराकोटा शैली में बनी धार्मिक और सांस्कृतिक मूर्तियों को कलाकार लाइव गढ़ते नजर आ रहे हैं। जयपुर की विश्वप्रसिद्ध ब्लू पॉटरी के आकर्षक बर्तनों का विशेष प्रदर्शन किया गया है। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकार इन कलाओं का सजीव प्रदर्शन कर रहे हैं, जो राज्य के कुटीर उद्योगों की जीवंतता को दर्शाता है।

### फूलों की होली की लाइव प्रस्तुति

**झांकी के ऊपरी मंच पर भरतपुर क्षेत्र की प्रसिद्ध फूलों की होली लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है। यह नृत्य राजस्थान के उत्सव प्रिय स्वभाव और संगीत प्रेम को उजागर करता है। झांकी की पृष्ठभूमि में विशाल एलईडी स्क्रीन पर कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की ओर से तैयार डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही ऐतिहासिक महलों की स्थापत्य शैली को भी दर्शाया गया है।**

### सैंडस्टोन गोल्ड, केसरिया और गहरा लाल रंग का प्रयोग

झांकी में राजस्थान के सिग्नेचर रंग सैंडस्टोन गोल्ड, केसरिया और गहरा लाल का प्रयोग किया गया है। ये रंग न केवल मरुस्थलीय मिट्टी की याद दिलाते हैं, बल्कि राज्य के शौर्य और आतिथ्य भाव के भी प्रतीक हैं। पूरी झांकी के साथ लगभग कई कलाकारों की ओर से गैर नृत्य की लाइव प्रस्तुति भी दी जा रही है, जो चलते हुए मंच के साथ दर्शकों को राजस्थान की लोक संस्कृति से जोड़ती है। आर्ट एंड कल्चर डिपार्टमेंट की डिप्टी सेक्रेटरी अनुराधा गोगिया ने बताया कि इस झांकी का मुख्य उद्देश्य देश-विदेश के पर्यटकों को राजस्थान की पधारो म्हारे देश संस्कृति की ओर आकर्षित करना और राज्य के स्थानीय शिल्पकारों और कलाकारों की कला को वैश्विक पहचान दिलाना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।



12 जनवरी, 1863 - 4 जुलाई, 1902

उठो, जागो और तब तक रुको नहीं, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

# राष्ट्रीय युवा दिवस

## 12 जनवरी, 2026

## स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती पर सादर नमन

### दो साल में युवा उम्मीदों को मिले बेहतर अवसर

**नियुक्ति / भर्ती**

1 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां
**1.43 लाख** नई सरकारी भर्तियां
निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक नियुक्तियां

**पारदर्शी भर्ती परीक्षा**

**एसआईटी गठित**
डमी अभ्यर्थी, फर्जी डिग्री सम्बन्धी अन्य अनियमितताओं पर रोक

**स्कूटी एवं साइकिल / टैबलेट वितरण**

छात्राओं को **39,586 स्कूटियाँ** एवं **10.51 लाख साइकिलें**
मेधावी विद्यार्थियों को **88,724 टैबलेट**

**स्टार्टअप्स को संबल**

**65 i-Start लॉन्चपैड नेस्ट** स्थापित
658 स्टार्टअप्स को **₹22.48 करोड़** की सहायता

**कौशल प्रशिक्षण**

3.37 लाख युवाओं को **कौशल प्रशिक्षण**
**434 रोजगार शिविरों** में 1.20 लाख युवा लाभान्वित

**मुख्यमंत्री युवा संबल योजना**

4.13 लाख युवाओं को **₹1,155 करोड़**
1.91 लाख **युवाओं को इंटर्नशिप**

**खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025**

जिलों में 17 नवीन **खेलो इण्डिया केन्द्रों की स्थापना**

**कृषि शोध एवं अध्ययन**

58,397 **छात्राओं को ₹103 करोड़** की प्रोत्साहन राशि

**खिलाड़ियों का सम्मान**

1,754 खिलाड़ियों को **₹39.57 करोड़** की सहायता

### राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को सौगात

- 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का कैलेंडर
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना - 2026
- नवीन युवा नीति - 2026
- रोजगार नीति - 2026

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान